DISCUSSION ON THE WORKING OF MINISTRY OF AGRICULTURE

श्री अमर सिंह (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद उपसभापति महोदय। इस महत्वपूर्ण विषय पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। आज मुझे अपने वक्तव्य के आरंभ में, हमारे उत्तर प्रदेश के राष्ट्रमय प्रसिद्ध कवि पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी ''निराला'' की किसानों के लिए लिखी एक कविता स्मरण आ रही है। उन्होंने लगभग चार-पांच दशक पूर्व यह कविता लिखी थी,

''वह आता दो टूक कलेजे के करता,
पछताता पथ पर आता,
पेट, पीठ दोनों मिलकर हैं एक,
चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्ठीभर दाने की भूख मिटाने को।''

आज हमारे किसान की यह स्थिति है कि उसके पेट के और पीठ के अंदर कोई अंतर नहीं रह गया है। जो हमारा अन्नदाता है, वह भूख से इतना मजबूर और लाचार है कि लकुटिया टेककर चल रहा है। देश की दो-तिहाई से अधिक श्रम-शक्ति कृषि क्षेत्र में है। कृषि क्षेत्र में आत्म-निर्भरता का दावा कितना थोथा है, यह माननीय कृषि मंत्री जी, आपको अपने गृह राज्य महाराष्ट्र के विदर्भ में हो रही भुखमरी और आत्महत्याओं की तमाम घटनाओं से यह बात साबित होती है।

फसल का अधिक उत्पादन बढ़ाने का दावा करने वाली पेस्टिसाइड कई जगह काम ही नहीं करती। एक सर्वे के अनुसार 1997 से फसल के उत्पादन के लिए जो पेस्टिसाइड सप्लाई होती है, हजारों किसानों ने उसी को पीकर आत्महत्या की है। ये आत्महत्या करने वाले किसान कौन हैं! ये उन परिवारों के मुखिया हैं, जो फसल के नुकसान से, मानसून के न आने से, कभी मानसून के प्रकोप से, कभी फसलों में दाम की गिरावट से, कभी आपकी सरकार की कर्ज़ से और कभी गांव के* के कर्ज से पीड़ित हैं। चाहे सरकार NDA की हो, चाहे सरकार UPA की हो, चाहे उदारीकरण की नीतियां हों, चाहे धन कुबेरों के समर्थन की नीतियां हों, सभी की नीतियां एक सी रही हैं। आज़ादी के इन साठ सालों में अगर किसानों की आत्महत्याएं सबसे अधिक हुई हैं, तो ये पिछले दस वर्षों में हुई हैं। कर्ज़ में डूबा किसान, जो उसकी अपनी जमीन है, जो जमीन उसकी मां है, वह उस मां को बेचने के लिए बाध्य है। आज उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में किसान की धान की फसल का कोई खरीदार नहीं है, क्योंकि यहां अन्य राज्यों से चावल आकर बाजार में छाया हुआ है। तमिलनाडु में चाय उत्पादक किसानों को लागत मूल्य से नीचे चाय बेचनी पड़ती है और केरल में दाम न मिल पाने के कारण किसान नारियल सड़कों पर फैंक देता है। यह अलग बात है कि आज से कुछ महीनों पहले तक उत्तर प्रदेश में जब मुलायम सिंह जी की सरकार थी, तो 22 हजार करोड़ रुपया गन्ना किसानों को भुगतान किया गया, लेकिन आज यह हालत है कि जिस तरह से तमिलनाडु का चाय उत्पादक किसान बदहाल है, केरल का नारियल उत्पादक का किसान बदहाल है, उसी तरह से उत्तर प्रदेश का गन्ना किसान बदहाल है। वह अपने खेत के गन्ने को जला रहा है। पंजाब से लेकर केरल तक, गुजरात से लेकर असम तक, चावल-गेहूं की फसल से लेकर ऑयल सीड तक, गन्ने से लेकर मौसमी फलों तक, हर फसल की कभी अनियमित मानसून के अभाव में और कभी अधिक उत्पादन के कारण दामों की लगातार गिरावट हो रही है। बेचारा किसान जानता ही नहीं है और कृषि मंत्रालय से कोई उसे बताने वाला ही नहीं है कि वह किस फसल का उत्पादन करे और किस फसल का उत्पादन न करे। कौन-सी फसल उसके लिए मुनाफे की होगी और किस समय होगी और कौन-सी फसल मुनाफे की नहीं होगी। सर, मैं उदारीकरण, ग्लोबलाइजेशन और वैश्वीकरण को स्पेशल इकनोमिक जोन कहूं या स्पेशल एक्सप्लांइटेशन जोन कहूं! यहां स्वामीनाथन जी बैठे हुए हैं, उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बैंक ऋण की दर 4 परसेंट होनी चाहिए। मुझे पता नहीं है कि यह 4 परसेंट की दर कब होगी! कृषि सब्सिडी के अभाव के मामले में हम अंधाधुंध पश्चिम की नकल कर रहे हैं और हर क्षेत्र में पश्चिम की नकल कर रहे हैं। वर्ल्ड बैंक, WTO, IMF सभी हमें निर्देशित करते हैं, लेकिन पाश्चात्य देशों में फूड सब्सिडी नहीं काटते हैं। यहां के नीति निर्धारकों पर दबाव पड़ता है कि फूड सब्सिडी काटो। राधाकृष्णन कमीशन ने कहा है कि एक लाख, 60 हजार करोड़ हमारे ऊपर कर्ज़ है, लगभग उसके आधे का लोन वेवर का अगर प्रावधान किया गया है, तो ये फाइनेंसियल स्ट्रक्चर ही नहीं है, NPA को खत्म करने की साजिश नहीं

*Withdrawn by the Hon. Member.

है। 20 हजार करोड़ रुपया प्रति वर्ष के हिसाब से प्रावधान किया गया है। यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के युवा सांसद श्री राहुल गांधी की बात को अगर मानें तो उन्होंने बयान दिया है कि इसमें जो दो हेक्टेयर जमीन का प्रावधान किया गया है, वह ठीक नहीं है, क्योंकि उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में, महाराष्ट्र के विदर्भ में और आन्ध्र प्रदेश के रायलसीमा में इस जमीन को सीमा के तहत, इस कट ऑफ के कारण वहां के किसानों को, लोन विवर का कोई लाभ नहीं मिलेगा। इस राशि को भी अपर्याप्त बताया है। श्री राहुल गांधी के बयान के बाद माननीय कृषि मंत्री जी, आपका बयान आया है। आपने कहा है कि यह संभव नहीं है, जितना हो गया, उतना हो गया। उसके बाद इसी सदन में हमारे सदन के दूसरे साथी कांग्रेस के प्रवक्ता डा० अभिषेक मनु सिंघवी का जवाब आया कि यह बात ठीक नहीं है, जो राहुल जी ने कहा है, उस पर अमलीकरण होगा। हमें पता नहीं है कि क्या होगा! आपका बयान आया कि किसानों गांव के * की परवाह न करो। माननीय वित्त मंत्री का यह बयान आया कि गांव का * जो है, उसको नियंत्रित करने का कोई अधिकार वित्त मंत्रालय के ...(**व्यवधान**)...

श्री गिरीश कुमार सांगी (आंध्र प्रदेश): सर, यह* शब्द निकाल दीजिए।

श्री अमर सिंह: मैं क्षमा चाहता हूं। मैं *का बड़ा आदर करता हूं।

श्री गिरीश कुमार सांगी: *शब्द जाति सूचक है। वापस ले लीजिए।

श्री उपसभापति: वापस ले लीजिए।

श्री अमर सिंह: मैं वापस ले लेता हूं। यह हमारे उत्तर प्रदेश में बोला जाता है।

श्री गिरीश कुमार सांगी: गलत बात है।

श्री अमर सिंह: यह गलत बात है, मैं मान लेता हूं।

कृषि मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शरद पवार): *मत कहिए, साहूकार कहिए।

श्री अमर सिंह: ठीक है। गांव का यह साहूकार... यह ठीक है? *शब्द वापस लेता हूं, *की जगह साहूकार कर दीजिए। हमारे उत्तर प्रदेश की भाषा है, क्षमा करें। मैं यह पूछना चाहता हूं कि गांव के इस साहूकार के ऊपर, शरद जी ने एक बयान में कहा है, जो मैंने अखबारों में पढ़ा है कि गांव के इस साहूकार के ऋण को देने की जरूरत नहीं है और वित्त मंत्री जी ने कहा कि नहीं, साहूकार के ऋण की परिधि से किसानों को मुक्त करने का कोई अधिकार हमारे अंदर नहीं है। फसल कब हो, कितनी हो, सिर्फ प्रॉडक्टिविटी और उत्पादकता ही महत्वपूर्ण नहीं है। उत्पादकता खूब हो जाए, खूब फसलें हो जाएं, लेकिन अगर उसके उत्पादन की लागत नहीं मिले, मूल्य नहीं मिले तो क्या होगा? आपको उदाहरण देता हूं कि राजस्थान में बाजरा के उत्पादन पर काफी जोर दिया गया। बाजरा की काफी उत्पत्ति हुई, जिस समय बाजरा की बुआई हुई, उस समय उसका दाम साढ़े पांच रुपये था, जब बाजरा बहुत ज्यादा हो गया तो साढ़े पांच रुपए का बाजरा ढाई रुपए का हो गया और लोगों को बाजरा फेंकना पड़ा, उसी तरह जिस तरह केरल में नारियल, उत्तर प्रदेश में गन्ना जलाया जा रहा है। जब काफी गन्ना हुआ तो स्वयं आदरणीय कृषि मंत्री जी ने लोक सभा में कहा कि उत्तर प्रदेश में गन्ने की खपत ज्यादा हो गई है और चीनी की उत्पादकता महाराष्ट्र से आगे हो गई है। किसानों को लाभान्वित लगा कि हम गन्ने का उत्पादन करें। जब गन्ने का उत्पादन शुरू कर दिया तो अब गन्ने का मूल्य देने वाला कोई नहीं है। गन्ना जलाया जा रहा है, गन्ने की खड़ी फसलें जलाई जा रही है। हम अपनी ओर से कुछ नहीं कहते हैं कृषि मंत्री जी, हम आपका सम्मान करते हैं, आपकी प्रशासनिक क्षमता, आपकी वरिष्ठता के लिए हम बहुत सम्मान से कहते है कि *क्षमा बड़न को चाहिए, छोटन को उत्पात।* अगर हम कोई ऐसी बात कह दें, जो आपको बुरी लगे तो हम उसके लिए पहले ही माफी मांग लेते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि स्वामीनाथन कमीशन हमारा बनाया हुआ नहीं है, यह आपके सिस्टम और प्रणाली का बनाया हुआ है। आप कुछ मत कीजिए, स्वामीनाथन जी ने बहुत अच्छा सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है कि जो लागत किसान की आती है, उस लागत मूल्य का पचास प्रतिशत दे दीजिए और बैंक का ऋण चार प्रतिशत कम कर दीजिए। आप कर दीजिए। सी०ए०सी०पी० रिकमेंडेशन, सी०ए०सी०पी० हमारा बनाया हुआ नहीं है,

*Withdrawn by the Hon. Member.

सी॰ए॰सी॰पी॰ भी आपकी व्यवस्था का एक अंग है। राधाकृष्णन आयोग, जो भुखमरी के आकलन के लिए बनाया है, वह भी हमारा बनाया हुआ नहीं है, लेकिन अद्भुत बात है कि गवर्नमेंट में सच्चर से लेकर श्रीकृष्णन तक, राधाकृष्णन से लेकर स्वामीनाथन तक और स्वामीनाथन से लेकर सी॰ए॰सी॰पी॰ तक समितियां बनती है, रपटें बनती हैं, लेकिन ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं। हमारे कृषि क्षेत्र में फूड सिक्योरिटी की बात लोग बराबर करते हैं, लेकिन फूड सिक्योरिटी कैसे हो? हिन्दुस्तान को फूड सिक्योरिटी कौन देता है? पंजाब और हरियाणा। खाद्यान्न का सबसे ज्यादा उत्पादन वे करते थे। हरियाणा में जो इतना बड़ा परिवर्तन आया है कि जिन उपजाऊ खेतों में खाना मिलता था, वहां पर किसान खाद्यान्न का उत्पादन नहीं कर रहे हैं। वे कहते हैं कि मेहनत करके हम खाद्यान्न का उत्पादन करें, हमें हमारी उत्पादकता का, लागत मूल्य का पचास प्रतिशत अतिरिक्त मिलेगा नहीं, स्वामीनाथन जी की रिपोर्ट के अनुसार, हमारी किसी भी सरकारी घोषणा या आकलन का अनुपालन होगा नहीं तो मुकेश अंबानी और रिलायंस को एस॰सी॰जेड॰ बनाने के लिए दे दो। हरियाणा में स्पेशल इकोनॉमिक जोन बन रहा है। जहां पर खाना मिलता था–मैं नाम नहीं लूंगा, सदन में उत्तेजना हो जाएगी, कांग्रेस के बड़े-बड़े वरिष्ठ नेताओं ने इस नीति के खिलाफ–अभी मुझे हरियाणा के मुख्यमंत्री बाहर सेंट्रल हॉल में मिले थे–उन लोगों ने दल तक छोड़ दिया। यहां पर इतना बड़ा विप्लव हुआ, इतना बड़ा आंदोलन हुआ है कि कांग्रेस से निकले बड़े नेताओं ने, जो महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं, उन्होंने कहा कि हरियाणा में, पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों तरफ के लोगों ने कहा है कि यह स्पेशल इकोनॉमिक जोन नही है, यह स्पेशल एक्सप्लॉएटेशन जोन है। कृषि मंत्री जी, इस मामले में वाणिज्य मंत्रालय और वित्त मंत्रालय, दोनों का जो द्वंद्व है, वह जगजाहिर है। वाणिज्य मंत्री कुछ कहते हैं, वित्त मंत्री कुछ कहते है। अब वह कलेक्टिव रिस्पॉंसिबिलिटी और सामूहिक दायित्व की बात नहीं रही है, अब सामूहिक विवाद के सिद्धांत पर यह सरकार, यह केबिनेट चल रही है। इस संदर्भ में आपको बताना चाहता हूं कि पूरी दुनिया में 177 देश हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स, अंतरराष्ट्रीय भूख का इंडेक्स कि कौन सा देश किस स्तर का भूखा है.....कृषि मंत्री जी, उसमें हमारा स्थान 128वां है। बोलिविया, वियतनाम, मंगोलिया–ये सारे देश हमसे पीछे हैं, भुखमरी में हम इनसे आगे हैं। और तो और भूख के लिए और भूख से मरने वालों के लिए जो सबसे बड़ा देश माना जाता है, जो प्रचलित देश माना जाता है, वह इथियोपिया है। सर, ग्लोबल हंगर इंडेक्स में इथियोपिया का स्थान 94वां है और हमारे देश का स्थान 128वां है। यह बड़े शर्म की बात है। हिन्दुस्तान की आजादी के इतने दशकों बाद भी ग्लोबल हंगर इंडेक्स, अंतर्राष्ट्रीय मुखमरी की सूची, उस तालिका में हमारा यह स्थान है। किसान उत्पादन भी कम कर रहे हैं और उसकी खपत भी कम कर रहे हैं। उनकी क्रय-विक्रय क्षमता भी कम हो गई है। नेशनल रूरल एम्प्लायमेंट प्रोग्राम विफल हो गया है। यह मैं नहीं कह रहा हूं, मैं यहां फिर कांग्रेस के युवा सांसद राहुल गांधी जी को उद्धृत कर रहा हूँ। उन्होंने बयान दिया और बयान देकर कहा कि नेशनल रूरल एम्प्लायमेंट गारंटी योजना एक बहुत अच्छी योजना है, लेकिन इस योजना का सफलीकरण नहीं हुआ है। यह योजना समाज के अन्तिम आदमी को नहीं मिल रही है। 1951 में हमारे देश में आम नागरिक के खाने की खपत 178 kg per head थी, 2002 में यह 155 kg per head हो गई। अगर सरकारी आंकड़े को देखा जाए, तो 1937 और 1942 में जो आम आदमी की हालत थी, जबकि ब्रिटिश हुकूमत अपने चरमोत्कर्ष पर थी, उस समय जो हालत थी, उससे बुरी हालत 1991 में और 1993 में हमारी हुई है। 53 प्रतिशत बच्चे और 30 प्रतिशत बड़े आज भी हमारे देश में भूखे सोते हैं। लेकिन कृषि मंत्री जी, मैं उपसभापति महोदय के माध्यम से आपसे बहुत आदर और विनय के साथ कहना चाहूंगा कि ऐसा क्यों हो रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि हम लोगों की प्राथमिकता और हमारे जीवन की प्रसांगिकता अब किसान और किसानी नहीं रह गई है। अब हमारा ध्यान मानसेंटो, कारगिल, रिलायंस, अडानी, आईटीसी, इनकी और ज्यादा है। इनकी नीति क्या है? बीज, पेस्टिसाइड और फर्टिलाइजर–ये किसानों को सप्लाई करते हैं। वे योजना निकालते हैं–हरियाली। योजना का नाम–हरियाली, योजना का नाम–खुशहाली। यह हरियाली और खुशहाली योजना किसानों को हरा-भरा बनाने के लिए, उनको खुशहाल बनाने के लिए नहीं, यह हरियाली और खुशहाली उनकी हरियाली के लिए है। उनकी तिजोरी में हरे-हरे नोट हैं। उनकी जिन्दगानी में खुशहाली है। हरियाली और खुशहाली योजना है किसानों के लिए। उन्हें पेस्टिसाइड देते हैं, फर्टिलाइजर देते हैं, हरियाली और खुशहाली की योजना बताते हैं और प्रलोभन देते हैं, कि compact farming हो। किसान अपनी जमीन आईटीसी को दे दे, कारगिल को दे दे, रिलायंस को दे दे। सब कुछ बेचते हैं रिलायंस वाले। अब सब्जी भी बेचेंगे, गेहूं भी बेचेंगे, चावल भी बेचेंगे। यानी आप कुछ भी करेंगे, आप साबुन लगाएं, तो हिन्दुस्तान लीवर वाला ले जाएगा–एक मल्टी नेशनल। अगर आप चावल, दाल खाएं, तो रिलायंस ले जाएगा। यानी अब जीवन में जीवन नहीं, सिर्फ भगवान की दी हुई सांस के अलावा हर मामले में मल्टी नेशनल या कोई-न-कोई कारपोरेट उद्यमी

कमाई करेगा। हमारा ध्यान कारपोरेट लेयर्स के लिए तो है, लेकिन हमारा ध्यान गरीब किसान के लिए, भूखे किसान के लिए नहीं है।

उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी का ध्यान उन्हीं के दिए एक बयान की ओर बड़े आदर के साथ आकृष्ट करना चाहता हूं। उन्होंने नई दिल्ली में 21 अप्रैल को एक बयान दिया। उस बयान–Wheat imported at higher rate than MSP, admits Pawar–*में माननीय कृषि मंत्री जी ने कहा:* "The Government on Monday said it has directed four States—Maharashtra, Rajasthan, West Bengal and Madhya Pradesh—to import wheat from the global market to meet about half of their foodgrain requirements. The Government on Monday said it imported wheat, during the last two years, at a higher rate than the Minimum Support Price paid to farmers." क्यों, सर? अगर आप एमएसपी बढ़ा देते, आज विदेश में आस्ट्रेलियन व्हीट बोर्ड को जो पैसा देने के लिए तैयार है, जो सड़ा हुआ गेहूं वहां से ले आने के लिए तैयार हैं, सड़े हुए गेहूं के लिए आप ज्यादा दाम देने के लिए तैयार है, तो आप हमारे विदर्भ के भूख से मर रहे किसान को, पंजाब-हरियाणा के किसान को, उत्तर प्रदेश के किसान को, बिहार के किसान को, देश के किसान को एमएसपी से ज्यादा मूल्य क्यों नहीं देते हैं? आप ऑस्ट्रेलिया और पाश्चात्य देशों को यह मूल्य दे रहे है। आप दे दीजिए। आप 1600 रुपये प्रति क्विंटल से कहीं ज्यादा मूल्य पर इम्पोर्टेड व्हीट देश में ले कर आ रहे हैं। आप एमएसपी का ज्यादा रेट करके एफसीआई को स्ट्रेंथन करिए और आप पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को स्ट्रेंथन करिए। लेकिन अगर आप यह नहीं करेंगे, आप फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को मजबूत नहीं बनाएंगे, प्रोक्योरमेंट सिस्टम को मजबूत नहीं बनाएंगे तो निश्चित रूप से कारगिल, आईटीसी, आडानी, रिलायन्स और मोंनसेंटो के ऊपर कोई बंधन नहीं है। वे आराम से अपनी तिजोरी से पैसा लगाएंगे, किसानों को ज्यादा पैसा देंगे और अपने गोदाम भरेंगे। मैंने पहले भी एक प्रश्न में कहा था और आज फिर दोहरा रहा हूँ कि चांदनी चौक पर जो छोटा साहूकार है, उसके ऊपर छापा मारने से कुछ नहीं होगा, बड़े-बड़े सरमाएदार तो ये ही हैं। इनके बड़े-बड़े वेयरहाउस हैं, इनके पास बड़ी-बड़ी थैलियां हैं, इन्होंने लाखों-हजारों का माल उन गोदामों में भर कर रख लिया है और यही मार्किट को नियंत्रित कर रहे हैं, वे मानसेंटों के लोग, ये कारगिल, आईटीसी आडानी और रिलायंस के लोग। आप इनके बारे में क्या कर रहे हैं? आप तो इन्हीं को मजबूती दे रहे हैं। आप एमएसपी तो बढ़ाएंगे नहीं और स्वयं बहुत गर्व से एडमिट कर लेंगे, कि Wheat import at higher rate than MSP, यह बड़े दुख की बात है।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि एमएनसीज और कॉर्पोरेट सिर्फ पुराने परम्परागत कृषि उद्योगों को ही प्रभावित कर रहे हैं, ऐसा नहीं है। ये सिर्फ शुगरकेन या कॉटन को प्रभावित नहीं कर रहे हैं, अपितु, जो नये कृषि के क्षेत्र हैं, जैसे सनफ्लॉवर है, पाम ऑयल है, चूंकि जब मार्किट फोर्स आ जाती है, तब ये डिक्टेट करते हैं कि पाम ऑयल का दाम क्या होगा या सनफ्लॉवर का दाम क्या होगा।

मैं एक बार फिर दोहराना चाहता हूं कि आप किसानों की हालत को सुधारने का काम कीजिए। एमएनसीज और कॉर्पोरेट टाइकून्स से ज्यादा हिन्दुस्तान की आबादी का 80% भाग आज भी गांवों में रहता है। गांवों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि पर आधारित है और अगर यह टूट गई तो आदरणीय कृषि मंत्री जी, भारत की अर्थव्यवस्था का भी पता नहीं चलेगा।

मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि 60,000 करोड़ रुपये की राशि, जिसमें से 20,000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष के हिसाब से तीन वर्ष के अंदर फाइनांशियल रीस्ट्रक्चरिंग की बात की गई है, यह काफी नहीं है। यहां मैं एक और बात मजबूती से रखना चाहता हूं कि जब तक पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम मजबूत नहीं होगा, तब तक कृषि की या किसानों की यह हालत सुधरेगी नहीं, मुझे इसी संदर्भ में बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है, आदरणीय कृषि मंत्री जी, आपका एक बयान आया कि "Rationing system is a thing of the past and food security of Kerala is not Centre's responsibility." यह बड़े दुःख का विषय है। पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, यह सबके लिए होना चाहिए, जो बिलो पावर्टी लाइन हैं, उनके लिए भी और जो एबल पावर्टी लाइन है, उनके लिए भी। भिन्न-भिन्न राज्यों के लिए तराजू और पैमाना भी भिन्न-भिन्न हो, यह बात ठीक नहीं है। वैसे भी पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम बुरी तरह फेल हो गया है। जो लोग राशन की दुकान पर राशन कार्ड लेकर जाते हैं, आप जरा उनसे उनकी हालत भी पूछिए। जब वे वहां जाते हैं, तो राशन कार्ड के अनुसार जितना उनके लिए प्रावधान है, उतना राशन उन्हें नहीं मिलता। कई बार यूं ही कह दिया जाता है या पर्चों में भर दिया जाता है कि राशन दे दिया गया है, लेकिन राशन देते नहीं हैं। पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का

नियंत्रण करने वाले अमूमन 90% साहूकार इसी चक्कर में रहते हैं कि पीडीएस का खाना किस तरह से बचाएं और किस तरह उसे राशन कार्ड धारक को न देकर, उसकी कालाबाजारी की जाए। इसके बारे में साहूकारों का जो आचरण है, उसमें सुधार करने की जरूरत है।

मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि जब तक आप पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को मजबूत नहीं करेंगे, जब तक आप किसानों को छूट नहीं देंगे और जब तक आप अपने इन दायित्वों का निर्वहन नहीं करेंगे, कृषि मंत्री जी, तब तक कृषि की हालत ठीक नहीं होगी।

एक और भयंकर समस्या है, वह समस्या है पानी नहीं रहने की। जो स्वच्छ जल है, उसका 85% कृषि क्षेत्र में इस्तेमाल होता है, लेकिन उसमें से 65% जल वेस्ट होता है, सिर्फ 20% जल का ही एक्चुअल यूज होता है। मेरे कहने का अर्थ यह है कि एक्चुअल कंजम्पशन 85% है, लेकिन उसमें से 20% ही यूज होता है, बाकी का जो पानी है, वह सिंचाई की कुव्यवस्था के कारण, mismanagement के कारण वेस्ट हो जाता है। इसकी वजह क्या है? There is no water management technology in the Central Water Agency. मुझे मालूम नहीं कि यह वॉटर रिसोर्स मंत्रालय का मामला है और आपके मंत्रालय से संबद्ध है या नहीं है, लेकिन यह संदर्भित है, इसलिए यहां मैं इसे कह रहा हूं।

जो बिना पढ़े-लिखे किसान हैं, उनको किसी चीज की जानकारी नहीं है। उनको सॉयल सिस्टम की जानकारी नहीं है, क्लाइमेट या हाइड्रोलॉजी की जानकारी नहीं है, उन्हें मंत्रालय की जानकारी देने का कोई सिस्टम नहीं है, उनको यह भी नहीं पता कि एग्रो क्लाइमेट कॉन्टेक्स्ट क्या है, सिंचाई और कृषि तकनीक की संस्थागत व्यवस्थाएं क्या हैं और संबद्ध जल व्यवस्था का प्रारूप क्या होगा। ये सब कुछ किसानों को पता नहीं है, इससे वे अनभिज्ञ है। इस अनभिज्ञता के कारण जल का जो दुरुपयोग हो रहा है, उचित जल नीति न होने की वजह से भी कृषि विफल हो रही है। मान्यवर, एक और अद्भुत चीज हम आपको बताते हैं। World Trade Organization, WTO एक बहुत अच्छी चीज है। इस चीज के लिए हमारी सरकार बहुत जोरदार तरीके से लगी है कि यह होना चाहिए, ताकि हम global player बन जाएं। हमारा देश भूखा है, हमारा किसान भूख से मर रहा है, लेकिन हम global player बनने के लिए बहुत लालायित हैं। WTO की नियमावली क्या है- subsidized food. आज एक सदस्य प्रश्न काल में बात कर रहे थे शायद हमारे ही साथी अबू आजमी साहब कह रहे थे कि चीन का ताला सस्ता है और अलीगढ़ के ताले महंगे हैं। अलीगढ़ और चीन के ताले की चिंता है, लेकिन subsidized food क्या सस्ता हुआ? जो खाना है, अगर उसको हम WTO में लागू कर देंगे, तो दुनिया का सस्ता खाना यहां आएगा और जो मरा हुआ किसान है, वह और मरेगा। WTO की नियमावली यह है कि पूरा-का-पूरा बाजार, खाने का बाजार भी खोल दो। यह IMF का, International Monetary Fund का दबाव है। कृषि मंत्री जी, मैं चाहूंगा कि tariff और anti-dumping measures को इस मामले में भी पूरी मुस्तैदी से लागू करने की जरूरत है।

एक और मुद्दा है GM Crops, Genetically Modified Crops का, चम्पारण हिन्दुस्तान की आजादी के इतिहास में एक बहुत महत्वपूर्ण जगह है। चम्पारण में महात्मा गांधी ने यात्रा की थी। महोदय, उस यात्रा का एक कारण यह था कि चम्पारण में वहां के गरीब किसानों को British India और East India Company के लोग Indigo नाम का एक पदार्थ पैदा करने को दबाव डालते थे। वह दबाव इसलिए डालते थे कि उनके लिए बाजार, एक consumer market था, कच्चा माल प्रोक्योर करने की एक मंडी थी-भारत। इंग्लैंड में Blue Die की बहुत खपत थी और Blue Die का raw material Indigo था। वे कहते थे कि चावल मत पैदा करो, गेहूं मत पैदा करो, गन्ना मत उपजाओ, आलू मत उपजाओ, टमाटर और प्याज मत उपजाओ, Indigo की खेती करो, क्योंकि Indigo हमें Blue die के लिए इंग्लैंड में चाहिए। वे तो विदेशी थे, अंग्रेज थे, East India Company थी और British India थी और Governor General था। वे यह कर रहे थे। 1860 में उसका विरोध गांधी जी ने चम्पारण में सत्याग्रह करके किया था, लेकिन अब कौन करेगा? अब East India Company चली गई है, अंग्रेज चले गए हैं, लेकिन उनका अब प्रारूप बदल गया है। अब वे WTO, IMF और World Bank के रूप में आए हैं और Genetically Modified Crops को इन लोगों ने आगे कर दिया है। कृषि मंत्री जी, आपकी सरकार ने इस Genetically Modified Crops की सम्भवतः इजाजत दे दी है। अगर उसने नहीं दी है, तो वह आप मुझे स्पष्ट करिएगा। हमारे देश में इसके पहले सिर्फ चावल की ही तो लाख varities थी। ऐसा चावल था कि बाढ़ आती थी, बाढ़ में खेत डूबा रहता था, लेकिन वह

rice flood resistant हो जाता था। उसी तरह से coastal areas में समुद्र के नीचे खेत में भी coastal resistant चावल हो जाता था, उसकी variety थी। Cotton की 1500 varities होती थी। लेकिन आज के दिन क्या हालत है? जब से आप लोगों ने Genetically Modified Corps की इजाजत दे दी है, तब से सिर्फ Hybrid और GM Cotton dominate कर रहे हैं। ये non-renewable महंगे बीज खेती की bio-diversity को खत्म करके किसानों को मार रहे हैं। कृषि मंत्री जी, आप तो बहुत विद्वान हैं। National Commission of Farmers ने इस Genetically Modified Crops के खिलाफ अपनी रिपोर्ट दी है। वह National Commission of Farmers अपनी रिपोर्ट देता रहे, लेकिन भारत की Genetic Engineering Approval Committee (GEAC) ने Bio-tech industry के पक्ष में और National Commission of Farmers के विरुद्ध पर्यावरण, मानव तथा जीव-जन्तुओं के स्वास्थ्य-हित की चिंता किए बगैर यह सारा-का-सारा काम भारत को खाने का dumping ground बनाने के लिए विदेशियों के, सम्भवत: Indo-US Knowledge Commission के initiative के प्रभाव में किया है। हमारे वामपंथी साथियों, आपको Indo-US Nuclear Deal की चिंता है, आप यह जरूर कीजिए, लेकिन Indo-US Nuclear Deal से कम खतरनाक Indo-US Knowledge initiative नहीं है। यह Indo-US Knowledge initiative Nuclear Deal से भी खतरनाक है।

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): We are worried about this also.

श्री अमर सिंह: इस Indo-US Knowledge initiative—नहीं, तो उसका प्रचार नहीं है। यह जो Indo-US Knowledge initiative है, इस Initiative ने Genetic Engineering Approval Committee बना दी है। इसने अप्रूव करके हमारे जो परम्परागत बीज हैं, जो वेरायटीज हैं, चावल की विभिन्न वेरायटीज हैं, उनकी हत्या कर दी है। कुछ नहीं रह गया है। हम उदारीकरण और वैश्वीकरण का नाम ले रहे हैं। आदरणीय मनमोहन सिंह जी बहुत आदरणीय हैं, बहुत योग्य हैं, उदारीकरण का उन्हें पितामह कहा जा सकता है। वर्ष 1991 में यह उदारीकरण हुआ, लेकिन मुझे बड़ी खुशी है कि वह सच बोलते हैं, जैसा मनमोहन सिंह जी ने कहा कि उदारीकरण हो गया है, लेकिन उसका लाभ गरीब आदमी को नहीं मिला है। धन्यवाद, मनमोहन सिंह जी, प्रधान मंत्री जी, आपने हमारा काम आसान कर दिया। आपने स्वयं उदारीकरण किया और उदारीकरण पर स्वयं आपने अपना बयान देकर इस बात को माना है। यही सार्वजनिक जीवन की शुचिता और शुद्धता है कि जो आप करते हैं, वह दम-खम से कहते हैं। यह जो उदारीकरण् हुआ, इस उदारीकरण का फायदा कुछ चुने हुए धन्ना सेठों को हुआ है, गरीब किसानों को इसका फायदा नहीं हुआ है, आपने यह मान लिया।

उपसभापति महोदय, और तो और नेशनल कमीशन फोर एंटरप्राइजेज इन अनऑर्गेनाइज्ड सेक्टर, एनसीयूएस, ने यह कहा है कि 77 परसेंट गांव के लोगों की खाने-पीने के लिए पर कैपिटा कंजम्पशन सिर्फ 503/-रुपए है। मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि किसानों की आत्महत्या कैसे रुकेगी, कृषि का उत्कर्ष कैसे होगा? जो कार्पोरेट एजेंडा है, जब तक इस एग्रीकल्चर डवलपमेंट के कार्पोरेट एजेंडा को, इंडो-यूएस इनीसिएटिव को आगे बढ़ाएंगे, जब हम एग्रीकल्चर सेक्टर को कार्पोरेट सेक्टर के लिए भी खोल देंगे, गांव की जो परम्परागत खेती है, उसको प्रश्रय नहीं देंगे, कार्पोरेट ऑनरशिप जो लैंड की है, उसको एसईजेड के माध्यम से बढ़ावा देंगे, तो कैसे काम चलेगा? आप जो कोआपरेटिव की बात करते हैं, उसका तो हम स्वागत करते हैं। किसानों की कोआपरेटिव है, उसके आप प्रणेता हैं, लेकिन यह जो कांट्रेक्ट फार्मिंग का कन्सेप्ट चला है, इसको जब तक बढ़ावा देंगे, प्राइवेट मार्केटिंग करेंगे, रिलायंस फ्रेशर्स से, या सुविधा आदि से रिटेल चैन बढ़ाएंगे, तो इससे आप सामान्य व्यापारी को भी और आम उपभोक्ता को भी आप खत्म कर देंगे। सीड मानोपोलाइजेशन को यदि आगे बढ़ाएंगे, एग्रीकल्चर रिसर्च को भी मोनापोलाइज कर देंगे थ्रू-इंडो-यूएस नॉलेज डील, तो कोई और एग्रीकल्चर रिसर्च कर ही नहीं सकेगा, सिर्फ यहीं नॉलेज डील करेगा। जो फूडग्रेन्स की एक्सेसिव इम्पोर्ट होगी, खासकर के गेहूं की और एमएसपी कम होगी, इम्पोर्टेड का दाम ज्यादा होगा, तो उससे एमएनएस को लाभ होगा, प्राइवेट लेयर्स का महत्व बढ़ेगा, उनकी चांदी होगी, गरीब आदमी की फसल धन्ना सेठों की तिजोरी में गलत-सही तरीके से पहुंचेगी। इम्पोर्ट और डोमेस्टिक मार्केट, दोनों में अगर आप मल्टीनेशनल कार्पोरेशन और कार्पोरेट सेक्टर को फायदा नहीं पहुंचाना चाहते हैं, तो मेरी आपसे हाथ जोड़कर विनती है कि एमएसपी को खूब बढ़ाइए, आस्ट्रेलियन व्हीट बोर्ड को कम पैसा दीजिए, दोगुना पैसा मत दीजिए यह कह कर कि देश भूखा है, देश की फूड सिक्योरिटी के लिए इम्पोर्ट करना जरूरी है। आप फूड का आकलन क्यों नहीं करते? आपके पास पूरा तंत्र

है, उस तंत्र से आप आकलन कराइए कि कितनी भूख लगेगी, एस्टीमेट करिए कि कितने खाद्यान्न की जरूरत होगी और उस आधार पर आप फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया को इतना एम्पावर करिए, स्टेट गवर्नमेंट को एम्पावर करिए और अपने मंत्रालय से दबाव डालिए। माननीय कृषि मंत्री जी, अगर आप ज्यादा मूल्य निर्धारित करेंगे, तो आपके गोदाम भरे रहेंगे, आप अपने किसानों को ज्यादा दाम देंगे तो किसान खुशहाल होंगे और आपको ज्यादा वोटों से जिताएंगे आपकी ज्यादा जय-जयकार करेंगे। अगर वह आस्ट्रेलियन व्हीट बोर्ड का बोरा है या विदेश का बोरा है, तो वह आपसे ज्यादा पैसा लेंगे, सड़ा हुआ गेहूं देंगे, आपकी बदनामी होगी, आपको उससे कोई लाभ नहीं होगा।

उपसभापति जी, बस मैं खत्म ही कर रहा हूं। ...(व्यवधान)... और आपको चुनाव भी हरा देंगे, आप ठीक कह रहे हैं। इसलिए शरद यादव जी, आप सब कुछ कीजिए, चाहे वह स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट हो, या राधाकृष्ण कमीशन की रिपोर्ट हो, या सीएसीपी की रिपोर्ट हो, उसका अनुपालन कीजिए। किसान की जमीन कोई अंबानी, कोई अडानी, कोई आईटीसी, कोई कारगिल, कोई मोनसेंटो न ले और यह भी देख लीजिए कि वास्तविक किसानों की खेती हो, जिससे उन्हें लाभ हो। आपकी जो एक नीति आई है, वह भी अच्छी नीति है। स्वामीनाथन जी ने भी उसकी तारीफ की है, हम उसकी बुराई नहीं कर रहे हैं, लेकिन वह नीति कागजों में सीमित न हो, वह नीति किसानों तक पहुंचे। जिस तरह से उदारीकरण का लाभ सिर्फ चंद घरानों को मिला है, जैसा मनमोहन सिंह जी कहते हैं, उसी तरह से आपके किसानों की जो नीति है, उसका लाभ सिर्फ मोनसेंटो को मिले, आईटीसी को, कारगिल को या अडानी, अंबानी को मिले, यह नहीं होना चाहिए। किसानों के लिए जो नीति बनाई है, उस नीति का लाभ किसानों को मिले। यह मैं आपसे अनुरोध करता हूं। यह दुर्दशा यूपीए और एनडीए का, क्षमा करें, जायंट सेक्टर है। यह आप लोगों का ज्वाइंट सेक्टर प्रोजेक्ट है। किसानों की उपजाऊ जमीन SEZ में खत्म हो रही है, जल संसाधनों से पीड़ित है और the challenge of new millennium is to increase biological yields to feed the ever-growing population without destroying the econogical foundation कृषि मंत्री जी, इसके लिए जरूरी है कि किसानों की आमदनी बढ़े, उनका सामाजिक और आर्थिक विकास हो और यह हो सकता है This can be realised through policy and infrastructure support from the Government and by strengthening proactive synergies among the various sectors that play influential roles in the field of agriculture and rural development. कृषि मंत्री जी, आप बुरा न मानें, कल एक मित्र ने मुझे कहा कि pitching agriculture into cricket and playing cricket into agriculture is nothing less than of Nero playing fiddle when Rome was burning. आप बड़े हैं, सीनियर हैं, बुरा लगे तो माफ करें। मैंने पहले भी कहा है कि *क्षमा बड़ेन को चाहिए, छोटन को उत्पात*। मैंने किसानों की बात की है, इसका चलन नहीं है। उदारवादी अर्थव्यवस्था, इंटरनेशनल मॉनिट्री फंड, वर्ल्ड बैंक, वर्ल्ड ट्रेड ऑरगेनाइजेशन, SEZ की तरफदारी आज के नए प्रगतिवाद का उसूल है। हम क्या करें। हमारा तो बस यही हाल है कि हम तो वही बात करते हैं, जो प्रचलित नहीं है, जो सरकार को अच्छी नहीं लगती है। किसानों और कृषि की बात करना कुछ ऐसा है।

की वफा गरीबों से, तो आप इसको जफा कहते हैं,
होती आई है कि अच्छों को बुरा कहते हैं।

और शायद इसीलिए जब हमारे वामपंथी साथी प्रधान मंत्री जी से मिलने गए, महंगाई की, किसानों की, एग्रीकल्चर की, पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम की बुराई की बात की, तो प्रधान मंत्री जी का, मुझे बड़ा दुख हुआ, बयान आ गया, उनके कार्यालय का बयान आ गया कि महंगाई की बात करना, गरीबी की बात करना, गुरबत की बात करना, लोगों की बदहाली का राजनीतिक शोषण है। सार्वजनिक जीवन में, जन प्रतिनिधि के रूप में अगर गरीबी की बात करना, बदहाली की बात करना, महंगाई की बात करना, किसानों की बात करना, किसानी की बात करना अगर यह political exploitation है, राजनीतिक शोषण है, तो राजनीति अगर हम जनता के लिए नहीं कर रहे हैं, किसानों के लिए नहीं कर रहे हैं, गरीबों के लिए नहीं कर रहे हैं, अगर हम उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए सदन में नहीं आए हैं तो आप कृषि मंत्री किस लिए हैं, वे प्रधान मंत्री क्यों हैं और हम सांसद क्यों हैं? इस प्रश्न का जवाब भी संभवतः आप अपने उत्तर में देने की कृपा करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री मोती लाल वोरा (छत्तीसगढ़): माननीय उपसभापति महोदय, मैं बहुत ध्यान से माननीय श्री अमर सिंह जी का उद्बोधन सुन रहा था और प्रारम्भ में उन्होंने देश के प्रसिद्ध कवि निराला जी की पंक्तियों का उल्लेख किया, उससे कौन असहमत होगा। लेकिन, एक बात मैं आपके माध्यम से माननीय श्री अमर सिंह जी तक पहुंचाना चाहता हूं कि:

कौम के गम में खाते हैं डिनर हुक्कामों के साथ,
लीडर को बहुत रंज है, मगर आराम के साथ।

किसानों की आत्महत्या की घटनाएँ पिछले कुछ वर्षों से बढ़ी हैं, जिन्हें रोकने के लिए केन्द्र सरकार ने समय-समय पर प्रभावी कदम उठाए हैं और मैं कह सकता हूं कि केन्द्र सरकार ने, वित्त मंत्री जी ने, डा॰ मनमोहन सिंह जी ने और कांग्रेस की अध्यक्षा तथा यूपीए॰ की चेयरपरसन श्रीमती सोनिया गांधी जी के प्रयत्नों से जो किसान न मालूम कितने वर्षों से कर्ज में डूबा हुआ था, दिनोंदिन उसका कर्जा बढ़ता जाता था, किसान की हैसियत कम होती जाती थी, उनके लिए 60,000 करोड़ रुपए के ऋण की माफी की गई। 60,000 करोड़ रुपए के ऋण की माफी का यह कदम एक ऐसा ऐतिहासिक कदम है जिस कदम की देश में जगह-जगह किसानों ने सराहना की है और उस सराहना के पीछे यह भी कारण था कि किसानों की ऋण माफी का यह मामला, जैसा कि वित्त मंत्री जी ने कहा है कि जून, 2008 तक हम उसे पूरा कर लेंगे। उपसभापति जी, मैंने प्रधान मंत्री जी का भी ध्यान आकर्षित किया, वित्त मंत्री जी का भी ध्यान आकर्षित किया कि देश में ऐसे बहुत से किसान शेष रह गए, जो इस दायरे में नहीं आते, उन्हें आज इस दायरे में लाने की आवश्यकता है। 60,000 करोड़ रुपए से यह राशि कुछ और करोड़ रुपए ज्यादा बढ़ जाए, तो उन किसानों को लाभ हो सकता है, जिन किसानों ने अपने कर्ज़ की अदायगी ईमानदारी से कर दी है, उनका तो कोई दोष नहीं था। आज देश के कई प्रदेशों में इस प्रकार की स्थिति है। हमने इसकी ओर ध्यान आकर्षित किया है और उनसे कहा है कि इस पर भी वे विचार करें। अभी श्री अमर सिंह जी ने 2 हैक्टेयर से कम जमीन वाले किसानों के बारे में कहा, मैं समझता हूं कि सरकार उस ओर ध्यान देगी। माननीय कृषि मंत्री जी ने वह बात जिस संदर्भ में कही थी, वह संदर्भ अलग हो सकता है, लेकिन किसानों को कर्ज़ की माफी के साथ-साथ, बैंकों से पुनः ऋण मिलना चाहिए। अब खरीफ की नयी फसल आने वाली है, जून में आप उनकी ऋण माफी कर देंगे और खरीफ की फसल के लिए किसान को फिर से बैंक के दरवाजे खटखटाने होंगे। मैं माननीय कृषि मंत्री जी के माध्यम से वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वे बैंकों को इस प्रकार की हिदायत दें कि किसान, जिसके ऋण की माफी हो रही है, अगर उसे खरीफ की फसल के लिए या अन्य फसलों के लिए ऋण की आवश्यकता हो, तो उस ऋण को उसे सुलभ कराया जाए।

उपसभापति जी, मैं एक और स्थिति माननीय कृषि मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहूंगा। कोऑपरेटिव बैंक, केन्द्रीय सहकारी बैंकों से जिन किसानों ने ऋण लिया है, वे आज भी कहते हैं कि हम तो इसके लिए बाध्य नहीं हैं, राज्य सरकारों से हमें पूछना होगा। राज्य सरकारों को चाहिए कि जब केंद्र सरकार ने इस प्रकार की नीति बना ली है, तो कोऑपरेटिव बैंकों से ऋण लेने वाले किसानों का कर्ज़ा भी माफ होने की दिशा में हमें विचार करने की आवश्यकता है।

उपसभापति जी, 9 मार्च के दिन दिल्ली के रामलीला मैदान में बहुत बड़ी तादाद में किसान इकट्ठे हुए थे सरकार को धन्यवाद देने के लिए, कृतज्ञता ज्ञापन करने के लिए कि बहुत बड़ा कदम केन्द्र सरकार ने उठाया है और इस कदम की हम सराहना करते हैं। मैं समझता हूं कि इस वक्त यह ऐसा ऐतिहासिक कदम उठा था, जिसे आने वाले वर्षों में, आने वाली सदियों में हमेशा याद रखा जाएगा कि डा॰ मनमोहन सिंह जी की सरकार ने इस प्रकार का कदम उठाया।

उपसभापति जी, मैं कृषि मंत्री जी को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा कि देश में खाद्यान्न की कमी नहीं है, गेहूं का आयात नहीं किया जाएगा, जिस निर्भीकता के साथ उन्होंने इस बात को कहा है कि आयात नहीं होगा, वह सराहनीय है। किसान को जो minimum support price आज मिल रहा है, अगर 6-7 साल पहले के आंकड़े हम देखें, तो हमें पता चलेगा कि किसानों का इतना minimum support price कभी नहीं मिला। मांग उठ रही है कि minimum support price में और बढ़ोत्तरी हो, मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्ष में माननीय कृषि मंत्री जी, कृषि मूल्य आयोग के माध्यम से जो सलाह-मशवरा दिया जाएगा, उस पर अवश्य विचार करेंगे, क्योंकि यह एक कृषि प्रधान देश है और इसके 80 फीसदी लोग गांवों में रहते हैं, कृषि उनका एक मुख्य धंधा है, मुख्य काम है। अगर हमारी कृषि ही सही ढंग से नहीं होगी, अगर हमारा उत्पादन कम होता गया, तो क्या स्थिति होगी? मुझे याद है कि माननीय कृषि मंत्री जी ने कहा है कि उत्पादन में धीरे-धीरे कमी आ रही है। अगर आप दक्षिण-पूर्वी एशिया के देशों को देखें,

3.00 P.M.

तो जलवायु के परिवर्तन से, climatic change के कारण, हमारे उत्पादन की क्षमता कम होती जा रही है। उत्पादन कम होने लगा है, यह चिंता का विषय है और चिंता के इस विषय को हमें गंभीरता के साथ देखना होगा। मैं माननीय अमर सिंह जी की इस बात से सहमत हूँ कि आज हमारे यहां जो खेती होती है, उसमें इस बात को ध्यान में रखते हुए सोचना होगा कि कृषकों को किस प्रकार की तकनीक की आवश्यकता है, जिससे वे वैज्ञानिक ढंग से भूमि तथा उपलब्ध जल का सर्वोत्तम उपयोग कर सकें। मुझे विश्वास है कि अनेक प्रकार के शोध के अंतर्गत किसानों को रखा गया। वैज्ञानिक दृष्टि से हमारे किसानों को पूरी तरह से दीक्षित करने की आवश्यकता है।

माननीय उपसभापति महोदय, कृषि के क्षेत्र में नष्ट होती हुई जीन संपदा की ओर भी मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा जिला बस्तर है, आपने सुना होगा कि डॉ॰ रिछारिया देश के माने हुए वैज्ञानिक थे, दुनिया के माने हुए वैज्ञानिक थे और धान के उत्पादन के क्षेत्र में तो उनका कोई सानी दुनिया में था ही नहीं। उन्होंने कहा कि जो हमारी ज़ीन है, छत्तीसगढ़ के बस्तर में अकेले ही कम से कम पांच सौ प्रकार की ऐसी किस्में आज उपलब्ध हैं कि अगर हमने उनका सही ढंग से उपयोग करना शुरू कर दिया तो वह नुकसान होने से बच जाएगा। हम high yielding variety की बात करते हैं, आज हम खाद का अधिकाधिक उपयोग कर रहे हैं। मेरा अपना विश्वास है कि आने वाले समय में, मैं तो केवल मध्य प्रदेश और बस्तर की बात कर रहा हूं, लेकिन हर एक प्रदेश के अंदर इस प्रकार की जो संपदा है, उस संपदा को हम पूरी तरह से उपयोग करेंगे। जलवायु, कृषि में परिवर्तन, पर्यावरण के प्रभावों का सामना करने की क्षमता हमें विकसित करनी होगी। माननीय उपसभापति महोदय, संभावना है कि इस वर्ष देश में गेहूं का उत्पादन काफी बढ़ा है और यह वर्षा पर निर्भर करता है कि हम कितना इसके उत्पादन को बढ़ा हुआ देख पाएंगे।

[उपसभाध्यक्ष (श्री प्रशांत चटर्जी) पीठासीन हुए]

अभी तक तो हम इस बात को कहते थे कि Food Corporation of India के माध्यम से गेहूं की खरीदी कम हो रही है। मैंने कुछ दिन पहले ही माननीय कृषि मंत्री जी के बयान को पढ़ा था, कुछ हफ्ते पहले ही मंडियों में जो कुल गेहूं आता था वह करीब 133 लाख या 135 लाख मीट्रिक टन का रहा होगा और Food Corporation of India ने शायद इस दिन तक जो खरीद की है, जो उन्होंने purchase की है, वह करीब 120 लाख मीट्रिक टन की खरीद की होगी। मुझे याद है कि जब आपने *minimum support price* 750 रुपए की थी तो मल्टीनेशनल कंपनियों ने 850 रुपए या 900 रुपए की दर से किसानों के पास जाकर उनसे गेहूं की खरीद की थी, लेकिन ऐसी नौबत इस बार न आने पाए। ये मल्टीनेशनल कंपनियां किसका फायदा करती हैं, किसान का फायदा कहां होता है? किसान का फायदा हो रहा होता तो ये क्रिसानों के बारे में सोचते। आज मल्टीनेशनल कंपनियां, चाहे वह आटा बनाने के नाम पर और बिस्कुट बनाने के नाम पर, गेहूं की खरीद कर रही हैं। आज तो लोगों को गेहूं की आवश्यकता है और गेहूं का उत्पादन चूंकि बढ़ रहा है, इस वर्ष गेहूं का उत्पादन ज्यादा होने की संभावना है। मैं समझता हूँ कि माननीय कृषि मंत्री जी ने शायद कहा था कि इस वर्ष लगभग 760 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादन होगा, संभावना इस बात की हो सकती है कि इसमें कुछ टन और बढ़ जाए या घट जाए, लेकिन यह रिकॉर्ड उत्पादन है। हम पिछले कई वर्षों से इस बात को कहते आए हैं कि हमारे उत्पादन में कमी आ रही है, लेकिन जो हमारे कृषि के वैज्ञानिक हैं, जो शोध संस्थानों में काम करने वाले हमारे अनुसंधानकर्त्ता हैं, उनके प्रयत्नों से और हमारा अपना विभाग, कृषि मंत्रालय ने भी इस दिशा में काफी परिश्रम किया है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अभी हमने काफी दूर रखा है, क्योंकि पिछले वर्ष काफी हाहाकार मचा था कि मल्टीनेशनल कंपनियों ने काफी गेहूं पंजाब से खरीदा था। मैं कहना चाहूंगा कि पंजाब ने इस बार दरियादिली दिखाई है। वहां के मुख्य मंत्री ने कहा है कि हम नब्बे लाख मीट्रिक टन गेहूं फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को देंगे। हरियाणा के मुख्य मंत्री जी ने भी इस बात को दोहराया है कि हरियाणा ने 99 प्रतिशत गेहूं जो मंडियों में आया, फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को उन्होंने बेचा, तो दो प्रदेश ऐसे हैं। अच्छा होता, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अन्य प्रदेशों में गुजरात इत्यादि भी शामिल हो सकते हैं कि वहां के शासकों को इस बात का एहसास होता कि जब हमारे अन्य प्रदेश आज देश की आवश्यकतानुसार फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को अपना अनाज दे रहे हैं, अपना गेहूं दे रहे हैं, तो क्या कारण है—उत्तर प्रदेश में इस बार सर्वाधिक गेहूं का उत्पादन हुआ है। बहुत बड़ा प्रदेश है, बहुत बड़े प्रदेश की बहुत बड़ी आबादी, जितनी आबादी को उन्हें खाद्यान्न पहुंचाना है, उतनी आबादी का तो कम से कम वे एकत्र करें, लेकिन हो नहीं रहा है। चिट्ठियों के माध्यम से, तस्करियों के माध्यम से, मैंने ध्यान आकर्षित किया था, शायद

माननीय कृषि मंत्री जी को याद होगा कि ट्रकों और वैगनों से हिंदुस्तान से बाहर अनाज गया था, लेकिन अब ऐसे हालात नहीं हैं। आज उन प्रदेशों को, चाहे वह मध्य प्रदेश हो, चाहे वह उत्तर प्रदेश हो, चाहे अन्य प्रदेश हों, उन्हें अपनी उगाही, मंडी में जो गेहूं, धान आता है, गेहूं को फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया को हम दें।

महोदय, महंगाई की बात बहुत कही गई। जहां तक महंगाई का प्रश्न है, हम सहमत हैं कि महंगाई बढ़ी है, लेकिन महंगाई को कम करने की दिशा में डा॰ मनमोहन सिंह जी की सरकार ने जो कदम उठाए, कस्टम ड्यूटी में excise ड्यूटी में जहां कमी की, उसके साथ उन्होंने कहा कि जिन प्रदेशों में गेहूं और अनाज के भंडार जमाखोरों ने भरकर रखे हैं, उन पर छापे मारे जाने चहिए। कितने प्रदेशों ने साथ दिया? शायद दो-तीन प्रदेशों को छोड़कर बाकी प्रदेशों ने साथ ही नहीं दिया। जमाखोर आज मौज कर रहे हैं। अगर जमाखोरों के यहां हमने छापे मारे...एक मुख्य मंत्री जी चौबीस घंटे का उपवास करने के लिए बैठे हैं और उन्होंने कहा है कि हमारे पूरे प्रदेश के हरेक जिले में चौबीस घंटे का उपवास होगा। मैंने कल उनसे कहा, उनसे मुलाकात तो नहीं हुई, मैंने कहा कि उपवास से आपकी समस्या का समाधान नहीं होगा। केंद्र सरकार पर इस बात का जो आप लगातार आरोप लगा रहे हैं कि ए॰पी॰एल॰ का जो कोटा उन प्रदेशों को मिलता था, वह लगभग तीन-चार साल से बंद कर दिया गया। महोदय, दरअसल में वे अपने दिल में झांककर देखें, वे अपने मन में इस बात को पूछें कि उन सरकारों ने तीन वर्षों तक अनाज उठाया ही नहीं। जब अनाज ही नहीं उठाया और जितना उठाया, उसका उस प्रतिशत से आपको आज ए॰पी॰एल में अनाज मिल रहा है, लेकिन दोषरोपण केंद्र सरकार पर लगातार कि केंद्र सरकार हमारे खाद्यान्न में कटौती कर रही है और कटौती करने का एकमात्र कारण यह है। चाहे वह कांग्रेस की सरकार हो, चाहे भारतीय जनता पार्टी की सरकार हो या किसी की सरकार हो, सरकारों का सवाल नहीं है, कार्यक्षमता का सवाल है कि उपवास से, चौबीस घंटे के उपवास से कोई काम चलने वाला नहीं है। आज मैं कह सकता हूं कि महंगाई की जो दरें बढ़ी हैं, मैं यह कहना चाहूंगा कि एन॰डी॰ए॰ के शासनकाल में यदि देखें कि आज किसान को डीजल की आवश्यकता अपनी खेती और किसानी के लिए होती है। कितनी बार उसकी मूल्य वृद्धि हुई? मेरे अपने आंकड़ों के अनुसार 46 बार मूल्य वृद्धि हुई। 287.52 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

1996 में जब इनकी सरकार नहीं बनी थी, डीजल का दाम प्रति लीटर 9 रुपए 22 पैसे था। एनडीए के शासनकाल की समाप्ति के बाद 2004 में वह बढ़कर 26 रुपए 51 पैसे हो गया। हम जानते थे कि इंटरनेशनल मर्किट में, अंतराष्ट्रीय बाजार में जिस प्रकार से आज पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि हो रही है, उसके कारण यह हो सकता है। हमने हंगामा नहीं किया। हमने सरकार को आगाह जरूर किया कि वह इस दिशा में कुछ कदम उठाए। महोदय, सबसे कमजोर व्यक्ति मिट्टी के तेल का उपयोग करता है। जब इनकी सरकार बनी, उस वक्त देश में 2 रुपए 88 पैसे प्रति लीटर मिट्टी का तेल बिकता था। 2004 में जब इनकी सरकार गयी, उस वक्त 9 रुपए 80 पैसे तक उसका दाम पहुंचा दिया। यह मूल्य वृद्धि 380 प्रतिशत की रही। बहुत सी मूल्य वृद्धियां हुईं। आज मूल्य वृद्धि को रोकने की आवश्यकता है। केवल राजनैतिक रंग में रंगकर, हर मामले को राजनीति का पुट देकर अगर हम इस बात को कहें कि हमारे देश में बहुत कमी है। यह कमी पूरी हो सकती है लेकिन उस कमी को पूरा भी तो हमें इस देश में उपलब्ध साधनों के अंतर्गत करना होगा। महोदय, संसद की कृषि संबंधी स्थायी समिति की एक रिपोर्ट के अनुसार फसल कटने के बाद हर साल 55,600 करोड़ रुपए की उपज बर्बाद हो जाती है। मैं माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि 55,600 करोड़ रुपए की उपज फसल कटने के बाद बर्बाद हो जाती है। इसके मुताबिक हर साल 10 प्रतिशत अनाज, 15 प्रतिशत दालें और तीस प्रतिशत फल और सब्जियां बर्बाद हो जाती हैं। यदि हमें खाद्यान्न के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाना है, अनाज और दालों की कमी को रोकना है तो इस बर्बादी को रोकने के लिए तत्काल उपाय करने की आवश्यकता है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने दूसरी हरित क्रांति के लिए संकल्प व्यक्त किया है। जब पहली हरित क्रांति हुई तो उस हरित क्रांति का लाभ देश को मिला। गेहूं के क्षेत्र में हरित क्रांति से कृषि उत्पादन कई गुणा बढ़ा, धान का उत्पादन बढ़ा और धान लगाने के क्षेत्रफल में वृद्धि हुई। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारे खाद्यान्न का उत्पादन काफी बढ़ा। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस बात को देखें कि किसान को अपनी फसल को पैदा करने में किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उसे सिंचाई के साधन उपलब्ध होने चाहिए। किसान को खाद मिलनी चाहिए, उसे बीज मिलना चाहिए, उसको कृषि के लिए दूसरे उपकरण मिलने चाहिए। केन्द्र सरकार ने इसकी सारी व्यवस्था की है। लेकिन बिचौलियों और जमाखोरों के माध्यम से आज किसान अपने आपको लुटा हुआ पाता है, पिटा हुआ पाता है और आज वह अपने आपको घटकन की स्थिति में देखता है। मैं इस बात के लिए कृषि मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम को आपने बढ़ाया। पहले यह स्कीम केवल रबी और खरीफ की फसलों तक

सीमित थी लेकिन आज क्लाइमेटिक ज़ोन का जिक्र करके जहां ओलावृष्टि होती है, जहां पानी की मात्रा कम है, जहां क्लाइमेटिक ज़ोन में बंटा हुआ है,वहां के लोगों को भी क्रॉप इंश्योरैंस स्कीम का लाभ मिलेगा। किसानों द्वारा गन्ने का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। विशेषकर उत्तर प्रदेश के संबंध में माननीय अमर सिंह जी ने कहा कि किसान को वहां अपने गन्ने की फसल को जलाना पड़ रहा है। उन्होंने माननीय मुलायम सिंह जी के शासनकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उस वक्त 22 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। आपने किया होगा। आज उत्तर प्रदेश के गन्ना उत्पादकों की क्या दशा है? आपने उस दिन कहा कि करीब 393 करोड़ रुपया उन पर बकाया है। मुझे याद है कि मैंने स्वयं इस बात का अनुभव किया था और मैंने इस बात की हिदायत दी थी—उस वक्त मैं उत्तर प्रदेश को राज्यपाल की हैसियत से देख रहा था—मैंने कहा था कि किसानों के गन्ने का मूल्य एक सप्ताह के अंदर अगर नहीं मिलेगा तो उस मिल मालिक की सम्पत्ति को हम जब्त कर सकते हैं। एक ऐसा मौका आया कि लगभग सभी लोगों को मिलता रहा। आज सरकार किसी भी पार्टी की हो...। गन्ना किसान आज भी उसी प्रकार भटक रहा है। माननीय मुलायम सिंह जी के कार्यकाल की बात तो मुझे कुछ अधिक नहीं कहनी, क्योंकि अमर सिंह जी बहुत कुछ कह कर चले गए हैं। अब किसान को अपना गन्ना नहीं जलाना पड़े, किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य का भुगतान होता जाए और इस स्थिति से निबटने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम की चर्चा हुई थी। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के बारे में राहुल जी ने कभी नहीं कहा कि यह कार्यक्रम असफल रहा है। माननीय अमर सिंह जी ने कहां से ढूंढ निकाला उसे। राज्य सरकार इस कार्यक्रम को जानबूझ कर असफल करने की कोशिश कर रही हैं। केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह इसमें सख्ती के साथ उन राज्य सरकारों से पूछे, उन्हें बुलाकर कहें। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, इस बड़ी योजना पर 16 हजार करोड़ रुपए की धनराशि अब तक खर्च हो चुकी है, कितने लाख दिवस लोगों को काम मिल चुका है। एक परिवार में एक व्यक्ति को सौ दिन का रोजगार है, मांग तो यह हो रही है कि सौ दिन से उसे बढ़ाया जाए। अगर राज्य सरकारें अपने-अपने प्रदेश में उसे ईमानदारी से सौ दिन लागू करती हैं तो लागू करने का लाभ मिलेगा तथा हमारी बेरोजगारी की स्थिति में कुछ गिरावट होगी। और उस किसान को लगेगा कि खेती किसानी करने के बाद जब उसको अवसर मिलता है, वह जब निठल्ला हो जाता है, तो वह सोचता है मेरे पास कुछ काम नहीं है, मुझे क्या करना है। तो उसे काम मिल सकता है और इस योजना का उसको सही ढंग से लाभ मिल सकता है। योजना का दुरुपयोग भी किस तरह से हो रहा है? जहां लोगों को रोजगार मिलना चाहिए, वहीं कुछ सरकारें इस योजना में जो धनराशि दी जाती है, उससे दवाइयां खरीदती हैं, अनेक प्रकार की चीजों को खरीदती हैं। उन सब बातों पर रोक लगाने की आवश्यकता है, इसकी सही ढंग से मॉनिटरिंग होनी चाहिए। माननीय अमर सिंह जी अभी हैं नहीं, उन्होंने कहा कि पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में बहुत धांधली है। उसे पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में क्या मिलना चाहिए? उसे मिट्टी का तेल मिलना चाहिए, उसे गेहूं मिलना चाहिए, उसको चावल मिलना चाहिए। मैं एक रिपोर्ट को आपके माध्यम से प्रस्तुत करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में हरदोई जिला है, जिसमें एक तहसील संडीला है। तीन अलग-अलग ग्राम पंचायतों में भिन्न श्रेणियों के राशन कार्डों पर निगाह डालकर देखा गया। विकास खंड धारावान के आलमपुर ग्राम पंचायत की गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाली फूलमती का कार्ड देखा गया। उसके कार्ड पर वर्ष 2007 में एक भी माह में किसी भी सामान का वितरण अंकित नहीं है। पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में 2007 में एक भी सामान उसके पास नहीं गया तो कहां गया मिट्टी का तेल, कहां गया गेहूं और कहां गई शक्कर। पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को आज बहुत चुस्त और दुरुस्त करने की आवश्यकता है। मैंने आपके सामने उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले की बात कही है। अनेक जिलों में अनेक प्रदेशों के अंदर पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में जो सस्ते मूल्य की दुकानें हैं, वहां पर जाकर आप देखें कि उनसे कार्ड ले लिया जाता है और कार्ड लेने के बाद कह दिया जाता है कि अच्छा, हम आपको बाद में दे देंगे। वह भटकता रहता है, उसको कुछ मिलता नहीं है। आज काला बाजार में मिट्टी का तेल न मालूम किस भाव में बिकता है। उस गरीब व्यक्ति को जिसका अधिकार है, पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में जिन्हें आज राशन के अंदर अनाज मिलना चाहिए, उसे प्राप्त करने का पूरा अधिकार है उसको। अपने अधिकारों से वह पूरी तरह से वंचित रह जाता है और वंचित रहने के बाद में...(व्यवधान)

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश): क्या आप मध्य प्रदेश की बात कर रहे हैं जहां पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में गड़बड़ी होती है।...(व्यवधान)

श्री मोती लाल वोरा: मैंने केवल एक उदाहरण हरदोई का बताया। मैंने किसी सरकार को चाहे वह मायावती जी की सरकार हो, चाहे मुलायम सिंह जी हो और चाहे हमारी हो, पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम में हमें पूरी तरह से

पारदर्शिता करनी होगी, आप चौंकिए मत, उत्तर प्रदेश की हालत बहुत खराब है। उत्तर प्रदेश में आज किसान किस प्रकार मुसीबत का सामना कर रहे हैं। मैंने उत्तर प्रदेश को देखा है, मुझे मालूम है। मैं आपसे इस मामले में अलग से बात कर सकता हूं। लेकिन आज किसान बदहाली में है।

लेकिन आज किसान कुछ प्रदेशों में बदहाली में है, उसकी दशा सुधारने के लिए पूरी तरह से प्रयत्न करने की आवश्यकता है। मैं माननीय कृषि मंत्री जी, आपको इस बात के लिए धन्यवाद दूंगा कि आपने देश में भ्रम की स्थिति को समाप्त किया है। आपने कहा कि हम गेहूं आयात कर रहे हैं, आस्ट्रेलिया से गेहूं आ रहा है। वह काफी मंहगी दर पर आया, यह ठीक था, वह मंहगा था, लेकिन देश में लोगों को भूखे तो मरने नहीं दिया जायेगा। प्रजातंत्र में जो सरकार रहती है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार की जिम्मेदारी होती है कि वह देश में रहने वाले लोगों के खान-पान के बारे में, उनके जीवन-यापन के बारे में पूरी तरह से ध्यान रखे। हमने अनाज इम्पोर्ट किया, लेकिन आज हमें इम्पोर्ट करने की जरूरत नहीं है। हमें दाल, खाने का तेल अवश्य इम्पोर्ट करना पड़ेगा, लेकिन जो अभी आंकड़े आ रहे हैं, मौसम की जानकारी के अनुसार हम कह सकते हैं कि हमारे देश में दालों का उत्पादन बढ़ेगा। हम आत्म निर्भर तो नहीं हो सकते हैं, लेकिन आत्म-निर्भरता की सीढ़ी तक पहुंचने में जरूर कामयाब हो सकते हैं। हमें इम्पोर्ट करना पड़ेगा, चाहे हम आस्ट्रेलिया से इम्पोर्ट करें, क्योंकि देश में इसकी आवश्यकता है। अपने देश की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए हमें पूरी तरह से प्रयत्न करना चाहिए।

हमको एक चेतावनी दी गयी थी। 1976 में राष्ट्रीय कृषि आयोग द्वारा एक अनुमान लगाया गया था कि शताब्दी के अंत तक भारत को लगभग 22 करोड़ 50 लाख टन खाद्यान्न की आवश्यकता होगी। इस प्रकार आने वाले छह वर्षों में प्रति वर्ष हमें 70 लाख टन का उत्पादन करना अनिवार्य हो जायेगा। यह एक चुनौती थी और इस चुनौती का सामना हमने हरित क्रांति से किया, केवल नामों से नहीं किया।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, डा॰ मनमोहन सिंह जी ने जो दूसरी हरित क्रांति की बात कही है, वह इसलिए कही है कि हम उनके कहे अनुसार, देश के किसानों को उनकी सभी सहूलियतों से लैस कर दें। हम किसानों को सभी सहूलियतें दें, ताकि वे हरित क्रांति के इस आहवान को पूरा करने में सफल हों। जब देश का किसान खुश है, किसान की खेती खुश है, तो देश में खुशहाली आती है। अगर बाजार में किसान की उपज की बिक्री बढ़ती है, उसकी किसी चीज़ की खरीददारी होती है, तो हम सोचते हैं कि किसान आज बाजार में निकला है। किसान के माध्यम से लोगों की खरीददारी होती है, भगवान को प्रसाद भी चढ़ता है, वह यात्रा भी करता है। किसान की खुशहाली में ही देश की खुशहाली समाहित है। किसान को खुशहाल देखने के लिए जो कदम केन्द्र की सरकार, डा॰ मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में उठा रही है, उसकी आलोचना हो सकती है। हम आलोचना करने वालों को रोक नहीं रहे हैं। अभिव्यक्ति का अधिकार उनका है, लेकिन अभिव्यक्ति का अधिकार केवल राजनैतिक रोटियों को सैंकने के लिए नहीं होना चाहिए। यथार्थ के स्थल पर, यथार्थ के धरातल पर उतर कर, अगर वह देखें कि देश की आज कैसी स्थिति है और हम उस स्थिति का वर्णन किस प्रकार कर रहे हैं, देश को भयाक्रांत कर रहे हैं, देश में ऐसी घबराहट पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं! माननीय कृषि मंत्री जी, आपकी उस घोषणा से एक बात यह हुई कि हमें गेहूं का आयात नहीं करना होगा। देश में खाद्यान्न का भंडार पर्याप्त है और जमाखोरों के हौसले पस्त हो गये हैं। उन जमाखोरों के चेहरे की हवाइयां उड़ रही हैं, क्यों उड़ रही हैं, छापा कौन मारेगा, कौन बुराई मोल लेगा! राज्य सरकारों की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि राज्य सरकारें शक्ति के साथ में अपने-अपने प्रदेश में, जमाखोरों के ठिकानों पर छापे मारे, वहां तेल निकला, वहां चावल निकला, गेहूं निकला, शक्कर निकली और विभिन्न प्रकार की दालें निकली हैं। कोई ऐसा करके देखे, तो सही, केवल यह कहना कि सरकार कुछ नहीं कर रही है, उचित नहीं है। सरकार ने अपनी तरफ से जिन प्रयासों को किया है, मैं समझता हूं कि उनसे आने वाले दिनों में हम विश्व की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर, हम अपने देश में कृषि के उत्पादन को बढ़ाने में सफल हो सकते हैं। हरित क्रांति तभी सफल हो सकती है, जब हम अपने देश के किसानों को सारी सुविधाओं से मजबूत करेंगे। उपसभाध्यक्ष जी, मैं अपनी बात को आपके कहे बिना ही समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री शान्ता कुमार (हिमाचल प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है और यह कृषि प्रधान देश है। किसान खुशहाल होगा, तो देश खुशहाल होगा, यह बात आदरणीय वोरा जी ने कही है। देश का सबसे गरीब व्यक्ति खेत पर काम कर रहा है और गरीबी यहां है, पिछड़ापन यहां है। यदि हम देश में खाद्य सुरक्षा देना चाहते हैं, तो हमें कृषि पर अधिक ध्यान देना चाहिए। यदि हम गरीबी दूर करना चाहते हैं, तो कृषि पर अधिक

ध्यान देना चाहिए। यदि ग्रामीण बेरोजगारी को दूर करना चाहते हैं, तो कृषि पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। यह कृषि भारत के जीवन की रेखा है, यह आज से नहीं, सदियों से है। जब देश की आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी, तो महात्मा गांधी जी ने कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि यदि गांव और खेत आबाद होगा, तो भारत आबाद होगा। राष्ट्रीय कवि 'सोहन लाल' गीत गाते थे—है सच्चा हिंदोस्तान कहां, वह बसा हमारे गांवों में। आज कृषि की क्या स्थिति है। आज हमारे कृषक परेशान हैं, वे अपना खेत छोड़ना चाहते हैं। आज खेती की उपज कम हो रही है, महंगाई बढ़ रही है और गांवों में बेरोजगारी बढ़ रही है। आज यहां तक हालत हो गई है कि किसान आत्महत्या करते चले जा रहे हैं। यह परिस्थिति एकदम पैदा नहीं हुई है। कृषि इतनी महत्वपूर्ण थी। कृषि हमारी आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी थी। कृषि मूल्यों को स्थिर रखने के लिए बहुत बड़ा काम करती थी। कृषि खाद्य सुरक्षा का बहुत बड़ा कवच थी, इसलिए कृषि पर जितना ध्यान, जितना प्रावधान होना चाहिए था, वह प्रारंभ से नहीं हुआ। इसलिए आज देश कृषि की परिस्थिति के कारण चौराहे पर खड़ा है। मैं दो-तीन आंकड़े रखना चाहता हूं कि कृषि की कितनी उपेक्षा हुई है।

उपसभाध्यक्ष जी, ग्रॉस कैपिटल फोर्मेशन के अंदर कृषि का हिस्सा निरंतर घटता चला गया। कृषि महत्वपूर्ण थी, तो कृषि का हिस्सा बढ़ना चाहिए था, लेकिन कृषि का हिस्सा लगातार घटता गया। सन् 1952-53 में GCF में कृषि का हिस्सा 23 परसेंट था, 1974-75 में घटकर 11 परसेंट रह गया। सन् 2002-03 में घटकर 6.5 परसेंट रह गया और 2006-07 में घटकर 5.8 परसेंट रह गया। इन 27-28 वर्षों में GCF 15 हजार करोड़ से बढ़कर, पांच लाख 55 हजार करोड़ हो गया। हमने कितनी बड़ी गलती की है, जिस क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेश कैपिटल फोर्मेशन में हिस्सा होना चाहिए था, उसमें घटते-घटते 23 परसेंट से आज 5.8 परसेंट रहा गया। GDP में भी कृषि का हिस्सा लगातार घटा है। सन् 1950-52 में GDP में कृषि का हिस्सा 58 प्रतिशत थां, 1993-94 में यह घटकर 28 परसेंट रह गया, सन् 2002 और 2003 में 20 परसेंट रह गया और 2007 और 2008 में यह 18 परसेंट रह गया। कृषि की लगातार उपेक्षा होती रही है। आज की कृषि की बदहाली का कारण, कृषि की लगातार उपेक्षा है। इसमें जितना ध्यान दिया जाना चाहिए था, उतना ध्यान नहीं दिया गया। 9जी प्लान में पब्लिक सैक्टर आउट ले 4.9 परसेंट था, लेकिन 10जी प्लान में घटकर 3.9 परसेंट हो गया। पब्लिक इंवेस्टमेंट एग्रिक्लचर के आंकड़े देखकर तो मैं और भी हैरान हुआ। छठी पंचवर्षीय योजना में इंवेस्टमेंट 64 हजार करोड़ था और 7वीं पंचवर्षीय योजना में इंवेस्टमेंट 52 हजार करोड़ था, यह आठवीं पंचवर्षीय योजना में घटकर 45 हजार करोड़ रह गया और नवीं पंचवर्षीय योजना में घटकर 42 हजार करोड़ रह गया। मैं आपको बधाई दूंगा कि आपने दसवीं पंचवर्षीय योजना में बढ़ाया, लेकिन कितना बढ़ाया? (दसवीं योजना में 67,000 करोड़ था।) छठी योजना में 64,000 करोड़ और दसवीं में 67,000 करोड़। बीस, पच्चीस वर्ष बीत गए, लेकिन पब्लिक इन्वेस्टमेंट 64,000 करोड़ से 67,000 करोड़ हुआ है। 64,000 करोड़ का इनवेस्टमेंट, जो छठी पंचवर्षीय योजना में था, इनफ्लेशन और रुपए की कीमत घटने पर विचार करें तो आज दुगुना होता, तब भी उसके बराबर न होता। पब्लिक इनवेस्टमेंट निरंतर घटता गया और उसका परिणाम था कि दसवीं पंचवर्षीय योजना में कुल आर्थिक वृद्धि दर 7.8 परसेंट, परंतु कृषि में केवल 2.5 परसेंट रही। कृषि विस्तार बड़ा महत्वपूर्ण है। यह देश बड़ा भाग्यशाली है। आज इस देश में लगभग 30,000 कृषि वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। आदरणीय स्वामीनाथन जी यहां बैठे हैं। इन कृषि वैज्ञानिकों का जो काम है, उसे देश नहीं भुला सकता है। लगभग 39 कृषि विश्वविद्यालय, 500 कृषि विज्ञान केंद्र हैं, सबसे महत्वपूर्ण यह है कि यहां जो शोध हो रहा है, बहुत महत्वपूर्ण शोध कई जगह हो रहा है, हमारे कृषि वैज्ञानिक बहुत बड़ा काम कर रहे हैं, परंतु वह शोध खेत तक पहुंचे, किसान तक पहुंचे, इसमें बहुत बड़ी कमी है। मुझे स्वयं याद है कि मुख्य मंत्री के रूप में मैं कई बार अपने प्रदेश में ऐसी जगह गया, जहां मुझे वहां के लोगों ने बताया कि हमने यह शोध किया है। मुझे याद आ गया कि जब पिछले साल मैं आया था, तब भी आपने मुझे यह बताया था, अब यह यहां से बाहर निकला कि नहीं? खेत तक गया कि नहीं? नहीं गया। शोध हो रहे हैं, लेकिन वे शोध किसान तक पहुंचे, खेत तक पहुंचे, इसकी बहुत अधिक आवश्यकता है और मुझे यह जानकर हैरानी हुई कि कृषि विस्तार के लिए 2007-08 में 350 करोड़ रुपए रखे थे। यह बहुत कम है। कृषि विस्तार के लिए और अधिक पैसा होना चाहिए था। पिछले वर्ष आपने 350 करोड़ रुपए रखे थे, कृषि मंत्री जी, मुझे दुख है कि इस बार उसे घटाकर 248 करोड़ रुपए कर दिया गया है। मैं चाहूंगा कि इस प्रावधान को बढ़ाया जाए। एक रिपोर्ट के मुताबिक केवल चौबीस प्रतिशत किसान हैं जो कृषि विस्तार के कार्यक्रमों का लाभ उठा पाते हैं। यह बहुत बड़ी कमी है, जिसे पूरा करने की जरूरत है। भारत का किसान सदियों से खेती कर रहा है। यह ठीक है कि उसे नए शोध बताए जाएं, उसे और सारी सुविधाएं दी जाएं, उर्वरक

दिए जाएं, बीज दिया जाए तो वह उत्पादन बढ़ाएगा। भारत का किसान परंपरा से खेती करना जानता है। वह कर सकता है, यदि उसे समय पर पानी मिल जाए। सिंचाई में भी हमने बहुत उपेक्षा की है। मैं यह आंकड़ा पढ़कर हैरान हुआ कि 1990 तक अतिरिक्त सिंचाई 3 प्रतिशत प्रति वर्ष होती थी, अतिरिक्त सिंचित क्षेत्र हर वर्ष 3 प्रतिशत अधिक बढ़ता था, अब यह घटकर 1.5 परसेंट रह गया है। सिंचाई में जितना ध्यान देने की जरूरत थी, जितना प्रारंभ में दिया जाता था, अब उससे आधा रह गया है। इस देश में 63 प्रतिशत धरती वर्षा के सहारे और केवल 36 प्रतिशत धरती है जिस पर सिंचाई होती है। एक और निवेदन ग्लोबल वार्मिंग का करना चाहूंगा। ग्लोबल वार्मिंग की चर्चा हो रही है। मौसम बदल रहे हैं, मौसम मनमौजी हो रहे हैं, इसलिए भी सिंचाई पहले से ज्यादा और आवश्यक हो गई है। इस देश में 142 मिलियन हेक्टेयर जोत भूमि है, जिस पर खेती होती है और 142 में से 85 मिलियन हेक्टेयर बिना सिंचाई के हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि आपने नेशनल रेन फेड एरिया अथॉरिटी बनाई। धन बहुत कम रखा है। केवल 368 करोड़ रुपए रखे हैं। मुझे इस बात की भी खुशी है, मैं बधाई दूंगा कि आपने इरीगेशन एण्ड वाटर रिसोर्स फाइनेंस कार्पोरेशन बनाया है। मैं यह निवेदन करूँगा कि यदि सिंचाई का प्रबन्ध हो जाए, खेत तक पानी मिल जाए, तो भारत के किसान को यदि और कुछ न भी मिले, तो भी वह खेती कर सकता है, उपज बढ़ा सकता है, अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है। भारत में जहाँ-जहाँ सिंचाई नहीं होती, वहाँ वर्षा होती है। वर्षा जल प्रबन्धन बहुत महत्वपूर्ण है। मैंने सारी योजनाएँ देखी हैं। मैं आपसे निवेदन करूँगा कि वर्षा की एक-एक बूंद को पकड़ कर, सँभाल कर रखने के लिए एक नया कोई विशेष कार्यक्रम बनना चाहिए। जहाँ पर वर्षा जल प्रबन्धन की व्यवस्था हुई है, वहाँ खेती के लिए सिंचाई का प्रबंध भी हुआ है, वहाँ पर धरती का जल स्तर भी ऊपर हुआ है। बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं, जहाँ वर्षा बहुत होती है, लेकिन पानी बह कर चला जाता है, हम उसको सँभाल कर नहीं रख पाते। सरकार रेनफेड एरिया अथॉरिटी के अन्दर एक बहुत बड़ा कार्यक्रम ले और उसमें पंचायतों को involve करे, पंचायतों को प्रोत्साहित करे कि जो पंचायतें अपनी पंचायत में वर्षा जल की एक-एक बूंद सँभालने के लिए तालाब तथा अन्य व्यवस्थाएँ करती हैं, उन पंचायतों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। इन्द्र भारतवर्ष में बहुत वर्षा देते हैं, लेकिन हम वर्षा के जल को सँभाल कर नहीं रखते। सिंचाई बहुत आवश्यक है। उसकी उपेक्षा हुई है। उस पर धन का प्रावधान बहुत कम है। यदि सिंचाई पर हम अधिक ध्यान दें, तो मैं समझता हूँ कि कृषि की हालत अच्छी हो सकती है।

महोदय, किसान की हालत ठीक करने के लिए इस बार के बजट में आपने उधार माफी का बहुत बड़ा कार्यक्रम लिया है। यह कितना कारगर होगा, मैं कह नहीं सकता। आपने किसान के बारे में सोचा है, मैं इसके लिए आपको बधाई देता हूँ, लेकिन उसमें कुछ सवाल हैं। वास्तविकता यह है कि केवल 58 प्रतिशत किसान बैंकों से उधार लेते हैं। 42 प्रतिशत किसानों ने साहूकारों से उधार लिया है। ये वे किसान हैं, जो गरीब हैं। ये 42 प्रतिशत किसान, जिन्होंने साहूकारों से उधार लिया है, इनका क्या होगा। इनके उधार तो माफ नहीं होंगे। मैं एक एक्सपर्ट ग्रुप एस्टीमेट 2003 की रिपोर्ट देख रहा था। उन्होंने कहा कि उस वर्ष में non-institutional channels से 48 हजार करोड़ रुपया किसानों ने उधार लिया, जिसमें 18 हजार करोड़ रुपए पर ब्याज 30 प्रतिशत था। अब 42 प्रतिशत छोटे किसान, जिन्होंने साहूकारों से उधार लिया है, पता नहीं 25 प्रतिशत पर लिया है 30 प्रतिशत पर लिया है, उनके लिए आप कुछ नहीं करेंगे। तो ऋण माफी का फायदा किसको होगा? मैं स्टैंडिंग कमेटी की एक रिपोर्ट में पढ़ रहा था, पूरी बात नहीं है, रेफरेंस है कि शायद सरकार की ओर से कहीं कहा गया है कि जिन किसानों ने साहूकारों से उधार लिया है, वह उधार चुकाने के लिए उनको बैंकों से उधार दिया जाएगा। लेकिन आपने शर्त तो यह लगाई है कि 31.12.2007 तक जिसका overdue हो गया और 29.02.2008 तक जो उधार नहीं दिए गए, वही माफ होंगे। अब इस शर्त के मुताबिक ये 42 प्रतिशत किसान, जो साहूकारों से पैसा लेते हैं, वे तो उसमें आते ही नहीं हैं। अगर वे आ भी जाएँ, तो कहा यह है कि उनको साहूकारों का उधार चुकाने के लिए बैंकों से उधार मिलेगा। माफ होगा, यह नहीं कहा, तो केवल उनका साहूकार बदलेगा और कोई लाभ नहीं होगा। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूँ। आपने प्रयत्न किया, अच्छी बात है, लेकिन इसमें सचमुच जो छोटा किसान, जो बैंक तक भी जा नहीं पाया, जिसने साहूकार से उधार लिया, अगर उसको कोई लाभ नहीं होगा, तो इस योजना का लाभ सच्चे अर्थों में उन किसानों तक नहीं होगा।

महोदय, मैं एक और बात कहना चाहता हूं। क्या यही तरीका चलता रहेगा कि हम कृषि की उपेक्षा करेंगे, प्रथम प्राथमिकता नहीं देंगे, उसमें investment नहीं करेंगे, किसान उधार लेगा, उधार में तड़पेगा, परेशान हो जाएगा, खुदकशी करने लगेगा और फिर किसी एक बजट में हम उधार माफी की बात करके वाहवाही लूटने की कोशिश करेंगे। यह कोई इलाज नहीं है। आज अगर उधार माफी की बात की गई है तो मैं इसे पाप का प्रायश्चित कहता हूं। यह

गलती तो हमारी ही है, यह देश की गलती है। हमने कृषि पर पूरा ध्यान नहीं दिया, इस तरह हमने ही किसान को मजबूर किया और परिणाम यह हुआ कि किसान उधारों में तड़पा। अब अगर हम उधार माफी पर वाहवाही लूटने की कोशिश कर रहे हैं, तो यह अपराध है। यह तो पाप का प्रायश्चित है, यह इलाज नहीं है। कृषि के बारे में नीतियों में क्रांतिकारी परिवर्तन करना होगा। ऐसी स्थिति आए कि किसान उधार ले, प्रयोग करे और फिर स्वयं उधार चुकाए। उसे उधार माफी की आवश्यकता ही न पड़े।

उपसभाध्यक्ष जी, देश बदल रहा है, इसके साथ नीतियां भी बदल रही हैं। आर्थिक सुधार या उदारीकरण, ये सब बातें ठीक हैं, होनी चाहिए, लेकिन कहां और कितनी होनी चाहिए, इसका विचार भी जरूर करें। क्या निजी क्षेत्र या मल्टीनेशनल्स को सब जगह आने की इजाजत देना जरूरी है? इस पर विचार होना चाहिए। कृषि क्षेत्र के में या रिटेल के क्षेत्र में उन्हें कितना आने देना है और कितना नहीं आने देना है, इस पर विचार करें।

मुझे याद है कि जब एनडीए की सरकार थी, उस समय रिकॉर्ड भंडार थे। उस समय 640 लाख टन से भी अधिक भंडार थे। तब समस्या यह थी कि अनाज रखें कहां। फूड मिनिस्टर होने के नाते मुझसे प्रदेशों के मुख्य मंत्री लड़ा करते थे कि आप हमारे स्टोर से अनाज उठवाइए, क्योंकि हमने नई प्रोक्योरमेंट करनी है। उस समय भंडार भरे पड़े थे, जिसका लाभ देश को हुआ और कुछ नई योजनाएं शुरु हुई। उस समय एक अंत्योदय अन्न योजना शुरु हुई, जो गरीबों के लिए दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी योजना है। मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने उस योजना को आज भी जारी रखा है। जब बढ़ती कमरतोड़ महंगाई के अन्दर, गरीब को दो रुपये किलो गेहूं और तीन रुपये किलो चावल मिलता है, तो वह राहत की सांस लेता है। मैं बधाई देता हूं कि वह योजना आज भी चल रही है, लेकिन कृषि मंत्री जी, आपसे गिला भी करता हूं कि आपने इसमें मात्रा कम कर दी है। शायद 35 किलो से घटा कर इसे 20 किलो कर दिया गया है। यह नहीं होना चाहिए। यह सबसे गरीब तबका है, जो दो वक्त की सूखी रोटी भी जुटा नहीं पाता। बचत का हथौड़ा इस गरीब के पेट पर नहीं पड़ना चाहिए। मैं आपसे अपील करूंगा कि अंत्योदय अन्न योजना में आपने जो मात्रा कम की है, उसे बढ़ाइए और उस मात्रा को पूरा करिए। बचत आप कहीं और से करिए, दूसरी जगह बचत की जा सकती है, लेकिन यहां तो मात्रा को और भी बढ़ाने की आवश्यकता है, साथ ही और भी गरीबों को इस योजना में लेने की जरूरत है।

मैं आपसे एक निवेदन और करना चाहूंगा। फल एवं सब्जी के उत्पादन में भारत विश्व में दूसरे स्थान पर आ गया। मैं फलों के बारे में एक बात कहना चाहता हूं, मुझे हिमाचल प्रदेश एवं कुछ और पहाड़ी प्रदेशों के बारे में मालूम है कि वहां पर बहुत सा फल, करीब 25%-30% फल बाजार में लाने योग्य नहीं होता। प्रोसेसिंग न होने के कारण वह वहीं नष्ट हो जाता है। उस फल का उपयोग ठीक ढंग से हो सके, एवं वहां प्रोसेसिंग और बाकी सारी सुविधाएं दी जा सकें, इसके लिए एक सुझाव हिमाचल प्रदेश की तरफ से कई बार दिया गया है। सॉफ्ट ड्रिंक्स की इंडस्ट्री 8000 से 10,000 करोड़ रुपये की है। कृषि मंत्री जी, क्या यह नहीं हो सकता कि हर सॉफ्ट ड्रिंक के अंदर 25% फलों का रस मिलाना अनिवार्य कर दिया जाए। इस पर आप जरूर विचार करें। यदि यह किया जा सके, तो 25% फल, जिसमें जूस है और जो नष्ट हो जाता है, उस किसान के दरवाजे पर बड़ी-बड़ी कंपनियां जा कर उसका फल खरीद लेंगी। ऐसा करने से पेय पदार्थ भी पौष्टिक होंगे और उनकी न्यूट्रिशियस वैल्यू बढ़ेगी। यदि यह नहीं हो सकता, तो फलों के रस का उपयोग अधिक से अधिक कैसे हो, उस पर और क्या सुविधाएं दी जा सकें, सरकार इस पर विचार करे, यह मैं आपसे निवेदन करूंगा।

मैं आपसे एक और बात कहना चाहूंगा। अन्न सुरक्षा, कृषि और जनसंख्या वृद्धि, इन तीनों का आपस में गहरा रिश्ता है। खाद्य सुरक्षा बड़ी महत्वपूर्ण है, उसको बनाए रखने के लिए देश को सब कुछ करना चाहिए। मैं आकड़े देख रहा था कि 1990 तक अनाज की पैदावार में प्रतिवर्ष 2.5% की औसत वृद्धि हुई और जनसंख्या में 2.1% की वृद्धि हुई । अनाज की वृद्धि अधिक और जनसंख्या की वृद्धि कम होने के कारण आत्मनिर्भरता आई। हरितक्रांति में शायद यह भी एक कारण बना। लेकिन 1990 से 2007 में अन्न का उत्पादन तो 1.2% बढ़ा, किन्तु जनसंख्या 1.9% बढ़ी। इन 25 सालों में कृषि का उत्पादन औसतन 2 से 3 प्रतिशत बढ़ा, कुछ प्रदेशों में यह केवल एक प्रतिशत ही बढ़ा, लेकिन जनसंख्या 45 करोड़ बढ़ गई। यह 2 करोड़ प्रति वर्ष के हिसाब से बढ़ रही है। मैं इसमें इतना ही कहना चाहता हूं, क्योंकि यह प्रश्न बहुत नाजुक है। मैं यह समझता हूं कि खाद्य सुरक्षा के लिए इस पर भी देश को विचार करना चाहिए। क्या जनसंख्या-वृद्धि पर कोई राष्ट्रीय सहमति नहीं हो सकती? क्या राष्ट्रीय सहमति से कोई राष्ट्रीय जनसंख्या नीति नहीं

बन सकती? यदि प्रतिवर्ष दो करोड़ लोग और आने वाले हैं और अन्न का उत्पादन घटने वाला है, तो अन्न-सुरक्षा का क्या होगा? इसलिए मैं चाहूंगा कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी इस पर इनिशिएटिव लें। वह सभी दलों को बुला कर बैठें और विचार करें कि जनसंख्या वृद्धि के बारे में क्या कोई राष्ट्रीय सहमति हो सकती है । इस पर भी विचार करना चाहिए। मैं आपको बधाई दूंगा कि आपने 4 हजार 8 सौ करोड़ रुपए से नेशनल फूड सेक्योरिटी मिशन शुरु किया है। मैं आपको बधाई दूंगा कि आपने 25 हजार करोड़ रुपए से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना शुरु की है। इन कामों के लिए हम आपको बधाई देंगे। इनका क्रियान्वयन ठीक ढंग से होना चाहिए।

महोदय, आत्महत्याओं का सिलसिला रुक नहीं रहा है। आदरणीय प्रकाश जी ने अभी विदर्भ की चर्चा की। मैं पढ़ रहा था कि विदर्भ में 1 जुलाई को आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने 3,750 करोड़ रुपए के एक राहत पैकेज की घोषणा की थी, लेकिन उसके बाद 30 नवम्बर तक 12 सौ किसानों ने आत्महत्या की। मैं एक रिपोर्ट पढ़ रहा था कि आंध्र, कर्णाटक, महाराष्ट्र और केरल में 6-7 सालों में 8900 किसानों ने आत्महत्या की। मैं टाइम्स ऑफ इंडिया का एडिटोरियल पढ़ रहा था कि 10 सालों में लगभग डेढ़ लाख किसानों ने आत्महत्या की। यह कोई छोटी बात नहीं है। यह बहुत गम्भीर बात है। देश का सिर झुकना चाहिए। सरकार को तो विशेष क्रांतिकारी कदम उठाने चाहिए। देश का किसान, अन्नदाता, आत्महत्या करने पर विवश हो रहा है।

महोदय, मुझे आज से लगभग 75 साल पहले के हिन्दी के एक लेखक मुंशी प्रेमचंद की याद आ रही है। उन्होंने इसी समस्या पर "गोदान" नाम से एक उपन्यास लिखा था। होरी नाम का एक किसान उधार लेता है। वह उसे चुका नहीं पाता। ब्याज देते-देते उसकी जिन्दगी खत्म हो जाती है। आखिर में, जब वह मरने लगता है, तो उसकी पत्नी धनिया यह सोचती है कि अगर इसका गोदान नही करवाया, तो इसकी मुक्ति नहीं होगी। गोदान कहां से कराया जाए? घर में तो पैसा नहीं था, तो वह फिर से उधार लेती है। वह उधार लेकर गोदान करवाती है। होरी मर जाता है। उस समय का होरी तो गोदान के बाद मरा, लेकिन आज का किसान होरी बिना गोदान के मर रहा है। वह मरता नही है, उसको आत्महत्या करनी पड़ती है। यह कोई छोटा सवाल नहीं है। इसलिए मैं आपसे निवेदन करूंगा कि कृषि के बारे में कुछ आमूलचूल और नई सोच करनी होगी।

महोदय, हमारा देश अमीर हुआ। वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि भारत विश्व के 12 सबसे अमीर देशों में है। इसकी GDP बढ़ी है और ऐश्वर्य बढ़ा है। कोई यह नहीं कहता कि देश ने विकास नहीं किया। हम भी यह नहीं कहते। देश के अन्दर बहुत विकास हुआ, लेकिन हुआ क्या? सामाजिक न्याय नहीं हुआ। हुआ क्या? समान बंटवारा नहीं हुआ। कुछ लोगों को बहुत-कुछ मिल गया, कुछ को थोड़ा-थोड़ा मिला और कुछ के हिस्से में कुछ नहीं आया। गरीब और अमीर की विषमता बढ़ रही है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि कृषि पर विशेष ध्यान दिया जाए। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि कृषि पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, विशेष प्रावधान करने की जरूरत है। किसान को एक नया सम्मान देने की जरूरत है। आज तो स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। आप बजट में कुछ धन का प्रावधान कर के अगर संतोष करेंगे, तो आप गलती करेंगे। कृषि चौराहे पर है, किसान आत्महत्या कर रहा है, उसको लाभप्रद मूल्य नहीं मिल रहा है और किसान खेत छोड़ना चाह रहा है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि आप इन सारी बातों का ध्यान रख कर कृषि के सम्बन्ध में विशेष नयी क्रांतिकारी योजना बनाएं। उसमें प्रावधान बढ़ाना होगा, अन्य स्थानों से प्रावधान बढ़ाना होगा। कृषि पर निवेश होगा तो गरीबी दूर होगी, कृषि पर निवेश होगा तो गांव आबाद होगा, कृषि पर निवेश होगा तो मूल्य स्थिर होंगे, क्योंकि कृषि-उत्पाद के मूल्य बाकी सभी मूल्यों को प्रभावित करते हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि कृषि के संबंध में नई सोच सरकार लाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Now, Prof. Swaminathan.

DR. BIMAL JALAN (Nominated): With your permission, if Mr. Swaminathan would yield for a minute, I would like to put a poser to him.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Do you want to speak before him?

DR. BIMAL JALAN: No. Sir, I would like to pose a question to him, to which he can respond.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): No, let him speak first. Prof. Swaminathan.

PROF. M.S. SWAMINATHAN (Nominated): Thank you very much, Mr. Chairman, Sir. First of all, this morning, we saluted our space scientists for making our nation proud, for their enormous contributions and, above all, for demonstrating that in our counry if we adopt a mission approach, or, in other words, if all links in a chain are attended to carefully and methodically, then we can succeed. We are proud not only of their achievements but also of what they have shown about how to organise successful programmes.

I would like to say this afternoon that we should also salute our farm women and men. I have now been working in agriculture for 64 years, 1944-onwards, I have seen in every part of our country, the very serious constrains under which our farm women and men work. I use the word farm women and men, particularly, because many times, farmer means only a man, but 70 per cent of the work is done by the women in the field. If you look at the difficulties under which they work—I am sure, the hon. Agriculture Minister will shortly be mentioning what kinds of achievements we have had in agriculture this year you will really wonder at the greatness and the hardship under which they work. I therefore, say in our House here, although it is now a very depleted House, we must salute our farm women and men of our country. They are really the saviours of our country.

The second point I want to make is, as the custodian of the well-being of the farmers' interests, I would like to congratulate our Minister also. This year, thanks again to our capability in meteorology and space science, the early forecast shows that the coming south-west monsoon may be a regular one. We hope, it will be a regular one. But, what is the purpose of the forecast? To be forewarned is forearmed; if you know that you are going to have a fairly regular monsoon; that it is time we prepare what I call a good weather code and plan how to optimise the benefits of good rainfall and, of course, we must also be prepared to minimise the impact of adverse monsoon. Nationally, this coming agricultural year starting in June, in the year 2008-09, we require accelerated agricultural progress. There is an opportunity, there is a national compulsion. There is also an international compulsion because all indications are that the world food prices are not going to go down; in fact, they may go up if China and India go in a large scale to the international market. Therefore, this unique year 2008-09 is a sort of a watershed year in our country and we must make the maximum use.

What do I mean by a good weather code? It means how do you maximise the benefits of a good weather by attending to all the links with which I started, starting with the soil, soil healthcare, water harvesting and water management, credit and insurance, technology and inputs, and, above all, pricing and marketing. One thing we should take care, over 60 per cent of our area is rain-fed. Therefore, these are areas which will benefit most from a good monsoon. What are the crops of these areas — millet, jowar, bajra, and also a large number of pulses, oilseeds, and so on. We have allowed a zero import duty on many of these crops like pulses and oilseeds. What I will request the hon. Agriculture Minister is to watch the market because many times the imports come just at times when our harvests are there. And these are very poor people. Although Support Prices are announced for a large number of crops, it is only in wheat and rice that it is really operational. In all other cases, when you go

to the interiors where you have dry farming or barren area, you find farmers sell because they do not have holding capacity. The moment they harvest others have to sell because they have no method of keeping it because warehousing, godowns, and so on are yet to come in a big way. Therefore, my request is this. Good weather code should be implemented from end-to-end, from the soil to the market. The third point is that there is a very good opportunity this year to launch, what I call, bridging the yield gap movement. If you look at all the scientific data, in almost all our crops there is a very big gap. Normally, you say China is producing so much and India is producing so much. But I am not talking about irrigated crop, even other crops, rain-fed crops, whether it is jowar, whether it is bajra, whether it is pulses or whether it is oilseeds, almost 50 per cent more, 50 to 100 per cent more, is the yield gap. The bridging the yield gap movement is an exceedingly important one, and this year we should try our very best. Now that several crores of farmers will be relieved from the debt trap, it is all the more important that we enable them. In other words, relieving the debt is only one step in the process. The more important step is how to get them one feet in terms of agriculture. Very many areas, today, I have earlier also said in the House, like Jharkhand, where there are enormous areas which are single crop land. There is 1400 mm of rainfall, as the hon. Member said, and there is a National Rain-fed Area Authority now. These all should be geared up now, how do you make a single crop land into a double crop land. Part of the naxalite problem will also stop because an idle mind is a devil's workshop. There are a large number of people who are idle in these areas. The next point, today, and I think for the foreseeable future our food security system, particularly, the PDS, which is going to depend very heavily on Punjab and Haryana and Western U.P. We call this the heartland of the Green Revolution. They are the only sheet anchors of our PDS System. This year also because they are producing more and giving more. Now, this area is in deep distress. The water table is going down. In fact, the very districts which are the most important agriculturally Amritsar, Jalandhar, Ludhiana, Patiala. In all these areas, the water table has gone very deep and it is still going very deep. This is why in this area Conservation Farming should be launched, in a big way, during coming South-West Monsoon period. If you look at the US Farm Bill, the largest amount of money goes to conservation farming because if farm ecology and farm economics go wrong, nothing else will go right in agriculture. And, therefore, I plead with the Agriculture Minister, with the help of the Punjab Government and the Haryana Government, to launch a groundwater recharge movement this year; a large movement for recharging their groundwater. There are many methods, I would not take time now. But this is exceedingly important because if this region starts deteriorating and farmers out of frustration sell their land for other purposes, non-agricultural purposes, we will become ever dependent on import for our food security. Therefore, it is in national interest to safeguard this particular heartland and nurture it. My next point, Sir, is this whole question of mismatch between production and post harvest technology. It is enormous. Several hon. Members have already mentioned about the post harvest losses in our country. Even today, the paddy is dried on the road. Road and roof are the most important areas for drying. I think it is important that we launch a large post-harvest technology, the lab to land programme, which will take all modern methods. Now recently in Kuttanad in Kerala, very good rice crop was damaged because there was not enough method of harvesting, storing and drying. So, I think, we can ill afford to make our farmers face 21st century agriculture with practically no support in service at all. No support services, our infrastructure, the post harvest infrastructure is very poor. I again request that we must make a large lab-to-land programme in post harvest technology.

303/RS—16

Lastly, Sir, a question was raised by Shri Amar Singhji about genetically modified crops and also he mentioned about the National Commission recommendation. Genetic modification is one process of what we call the evolution of genetics. What is important is no technology is good or bad. It is the same as with atomic energy, you can make a bomb and you can also make energy. A knife can kill a person or cut a fruit. The technology itself is neither good nor bad. What is important is the use of the technology, it must be in our country, pro-small farmer technology, pro-nature, pro-poor and pro-woman technology. Take one example, BT cotton is one of the factors in the farmers' suicides in Vidharbha; high cost, I would say not merely BT cotton, but high cost agriculture. There are now excellent varieties with the ICAR, same BT genes in varieties. The advantage with the variety is that the farmers can keep their own seeds. They don't have to go to the company every year. For a hybrid, a farmer has to go to the company. Our Plant Variety Protection and Farmers' Rights Act assures the power to the farmers to keep their own seeds and therefore, I would again request the President of the ICAR that ICAR should concentrate on pro-small farmer bio-technology and also take on areas like salinity tolerance, drought tolerance, flood tolerance and also pests and diseases and so on. Also, finally, a task force, which I chaired and which presented our report four years ago to the hon. Agriculture Minister, recommended a very credible National Bio-Technology Regulatory Authority, which will weigh the risks and benefits in a very transparent manner so that it has a high political, professional, public and media credibility. I think, it is high time we have some structures. Otherwise, there is a lot of confusion, people have to go to court every time, get some stops, some suggestions are made and therefore, my plea would be that you don't throw away the baby with the bath water. Technologies can be made use of, technologies can be abused but what we need is a method by which abuse can be prevented. I am happy that Shri Shanta Kumarji referred to the Sixth Five Year Plan and also the allocations made. That was the only Plan where the agricultural growth rate was higher than the economic growth rate. I say it with some pride because I was involved in that process in the Sixth Five Year Plan is developing the agricultural strategy. But, let me summarise in one word: In farming, we say, you reap as you sow. You could have put enough resources, at that time nearly five million hectares of additional area, under irrigation every year; that was the provision. If you look at the Sixth Five Year Plan, twelve per cent of the total Budget went to irrigation alone. Therefore, I think, it is important in this country; those of us who are here are discussing the fate of 70 per cent of our people, the largest chunk of our people and also the other 30 per who depend upon them for their food. this is a very, very serious situation and global situation is serious. National situation could be serious because we are also — fortunately thanks to enlightened policies — increasing consumption in the country. For example, NREGA will increase consumption for those who are poor. But, then, our food security must be based on homegrown food, not imported food. We may import occasionally but agriculture is the mainstay of the livelihood security of the majority of our population.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Dr. Jalan, have you any clarification?

DR. BIMAL JALAN: I wanted to take some view from him.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Mr. Vijayaraghavan's name is there. Anyway, do you want some clarification from him.

DR. BIMAL JALAN: No, Sir, given his iconic stature and also the great contribution that he has made to agriculture, so with your permission I just wanted to mention an issue and

4.00 P.M.

get a reaction to it in one mintue. This is about farmers' suicide. I was just wondering whether we can formulate — he is an expert and I am not — an automatic graded scheme for providing relief to farmers because the whole point is, that you get suicides either because of droughts or floods or something happens which is an objective factor. Now, it is not a forecast, it is an actuality. Suppose if you had a rainfall in districts which is, say, less than 30 per cent of the average of the previous three years or four years. Then, you have a graded scheme for giving automatic relief instantaneously to the farmers without having to wait for anybody to formulate a scheme or to go there and find out what is happening. It is this Sir, if it is two hectares and below — these are just examples — you could give a relief both for principle and interest. Waive them.

If it is between 2 hectares and 5 hectares, you could grade it and say that we will reschedule the principal and let off or completely waive off the interest and if it is more than 5 hectares, then you would reschedule both interest and principal. So, the idea is, in a graded/automatic scheme, for relief of farmers, when the event, which is causing suicide, is entirely known and is going to happen and is relating to rain or flood or drought, to have instantaneous relief. So, I want his particular reaction. This is just a theoretical question.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Mr. Swaminathan, do you want to reply? Actually, this is not the procedure. But, any way, if you want to react, you can do so.

PROF. M.S. SWAMINATHAN: Sir, I do not want to take too much of your time. I had already taken your time.

I think the question and the solution also suggested by Dr. Jalan. It is an important one. If there is a problem, there is a solution. That is what I found in my life. Therefore, if there are occasional suicides, there may be many reasons. But, if it is related to farm economics and because of acute economic distress, then, I think, we can solve it. One of the solutions he has given. But, I would suggest that the House should devote sometime—one day—because we must make the era of farmers suicides history and that should be our commitment.

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN (Kerala): Thank you Mr. Vice-Chairman, Sir.

Already, some of the hon. Members and experts in agriculture expressed their view-point with regard to the present situation in agriculture in our country. Sir, we are all unanimous on one factor that this country is passing through a very serious agrarian crisis since Independence. There were so many *ad hoc* measures from the Central Government. There is a need for policy 'U' turn towareds the interest of the poor farmers and the agriculture workers who constitute 76 per cent of the farming community in our country. Sir, the situation is very serious. We are discussing that the country has lost its food security. Since the introduction of liberalisation in the country, the downslide has started. Our concern was about the poor farmers. We are concerned as to what would be the impact of the liberalised policies on the farmers. A country where 70 per cent of people are making their liveli-hood from agriculture, have you ever though what would be the impact of liberalisation policies on agriculture? There was a conspiracy to destroy the food security of this countrv where 120 crore people or 1.2 billion population need a basic minimum food security. All these Associations—ASSOCHAM, FICCI, CII, etc., which are attached to corporate world, are the patrons against the food security of this country. They even called the Memebrs of

Parliament in the Parliament House Annexe, after the WTO meeting at Doha, and said that there was no need for food security in the country. That was the direction. In the last 15 years this country has been moving towards that direction. Now, we have reached a point. We are now in a situation where we are not even getting foodgrains from abroad. We became the culprits. The allegation is against India, because there is a demand from India and, as a result, the international prices are going up. The poor peasant in the country became a culprit! He is being accused by others. Sir, this kind of a situation is prevailing in this country. The previous Government and the present Government are responsible for the present situation in the country. You are responsible. Even now, in this Budget, there is no concrete proposal to avoid this crisis or find a solution to this crisis. Sir, the Government have always set a very good target— 4 per cent increase in agriculture. There is always a good target. But, the question is: Have we ever reached that target? I don't know why you are making such an ambitious target. We have not achieved, this target of 4 per cent even a single year, in the last five years. Leave alone 4 per cent, we have not achieved 3 per cent or 2 per cent. With regard to foodgrains our growth has, now, reduced to 0.92 per cent. When the globalised economy was started, we had, in this House, discussed about the food safety. At that point of time, the foodgrain growth was 1.9 per cent, whereas the increase in population was 2.1 per cent. Now, from 1.9 per cent per annum increase, it has reduced to 0.92 per cent. That is the seriousness of the problem. Whenever a need arises, there would be no foodgrains in the granaries. Hon. Member, Shri Shanta Kumar, told that at that point of time there were 64 million tonnes of foodgrains in the FCI godowns. Now, even the minimum bufferstock is not there in the FCI godowns. So, the situation is very alarming. But, unfortunately, the Government is not at all serious in the matter. Here, the most important thing is the need for investment. What is the reason for this failure? The reason for the failure is the lack of public investment in agriculture. That is the main reason for this failure. During the last 10-15 years, the public investment in agriculture has declined very sharply. Now, it is just 5.9 per cent of GDP. And, there lies the weakness. So, because of this, there is a sharp fall in the production and productivity. Unless you are able to improve the productivity and production, how can you solve this problem? The other day, we discussed about the price rise. The prices of foodgrains are increasing; the prices of pulses are increasing; the prices of edible oils are increasing. The average price of one kilogram dal whether it is green peas, whether it is *sambar dal,* whether it is *moong* dal, whatever *dal* it is—is Rs. 50/- The average income of an agriculture worker is less than Rs. 50/- per day So, he would get only one kilogram *dal* for his one day's income. That is the kind of situation in the country. But the Government is sleeping over the issue. It is all because of your policies. This is because of the adverse impact of the cut in the subsidy in the food production. The input cost is increasing day-by-day. Fifteen years ago, the per acre input cost of cotton was Rs. 2500. Now, it is Rs. 13,000/-. So, there is 500 per cent increase in the input cost. There is a wide gap between the input cost and the price of a product. There is a wide gap between the input cost and the income of the farmers. So, for the poor farmers, the agriculture became a loss-making enterprise. Seventy per cent of the farmers are poor. So, every year they have been getting into the debt trap. Now, after 10-15 year, they are forced to sell their land. That is the most serious crisis in the agricultural sector. Have you ever tried to address this problem? Every year, 3.5 million farmers are selling their land and becoming landless. That is the creation of the on-going agrarian policy in our country. The Central Government is not at all serious about this problem of the farmers. He is selling his livelihood; he is selling whatever little land he has. He is migrating to the cities and becoming an industrial labour. In such a situation, what relief are you giving to these people? Unfortunately, the

Government is not at all serious about the problem. And, because of the lack of investment, our productivity is hit like anything. We are not able to address the problem of acute price rise. If I come and meet the hon. Minister of Agriculture with regard to problems of farmers, or, the productivity, or, lack of foodgrains, there will be no proper answer. That is the difficulty. Sir, there was a failure in production. Last year itself, that is, during 2007-08, the target for production of wheat was 75.5 million tonnes, but the achievement was 74.81 million tonnes. In case of cereals, it was 37.50 million tonnes and the production achieved was 36.09 million tonnes only. So, this is the situation. The target was there, but we were not able to achieve this production. The country's average production growth rate was 3.62 during the period 1984-85 to 1995-96. Now, in 2004-05, it has been reduced to 0.92 per cent. This is the situation.

Then, Sir, we have to think about the debt problem faced by the poor farmer. Here also, now the Government has announced a good programme for waiver of the agricultural loan. I would like to congratulate the Government for this programme, But, Sir, will this relief actually go to the poor farmer? This is the question. We are all aware that around half of the farmers are taking loans from moneylenders. Waiver of institutional loans means, only the rich farmer will get benefit of this programme. Now, you have announcd the programme. You have kept a ceiling of 2 1/2 hectares for farmers. In Vidharbha, a farmer with 7 or 8 or 10 hectares of land is called a poor farmer. He will not get the benefit. Vidharbha is a place where we are facing acute problem. But the farmer, in that particular locality, will not get the benefit. The farmer in Western Maharashtra will get the benefit. The rich farmer will get the benefit, but the poor farmer will not get the benefit. How do you solve this problem? Some concrete steps are to be taken to solve this problem. In Kerala, we have set up a separate Commission called the Agricultural Debt Relief Commission. This particular Commission has been appointed and it will go through the details of different kinds of loans, whether institutional loans or non-institutional loans, whether loans taken from moneylenders or from some other sources. This particular Commission will go through the details of the loans taken by the farmers and will give an advice. On the basis of that advice, the Government will be in a position to help the poor and debt-ridden farmer. Under this Scheme, only those farmers who take loans from the nationalised banks or cooperative banks will get relief. My humble request is that the Government should come forward with a concrete proposal. It should not use the traditional methods. I do not know how you are going to implement it, My humble request is that the advice of organisations like the Agriculture Debt Relief Commission, formed by the Government, should also be taken note of. Their recommendations should be considered for providing debt relief to the farmers. Since in Kerala we have a specific Commission. I request you to coordinate with that Commission for this Debt Relief Programme.

Sir, farmers are in a debt trap. This point should also be taken note of. In Karnataka, around 64 per cent of the farmers are in crisis. In Kerala, 62 per cent of the farmers are facing this loan problem. In Andhra Pradesh, 84 per cent of the farmers are facing this loan problem. This is the condition. So, a viable programme should be started to help a large number of farmers who are living in distressed condition in these areas.

Then, Sir, there is an issue of subsidies. Here also, Sir, the difficulty is there because in the present situation, our farmers have to compete with the rich and corporate farmers living in the Western countries. This point should also be taken note of How are you going to formulate your policy on agriculture without considering this aspect? Our farmers have to

compete with the farmers who are getting higher subsidies in the Western countries. For example, the U.S. gives a subsidy of $ 4.7 billion to its cotton growers' having a crop value of $ 3.9 billion. That is the situation. Their subsidy is more than the input. So, naturally, they are in a position to compete. They are in an advantageous position in the world market in the field of agriculture. Sir, in the Western countries, the multinational companies are getting a subsidy of three dollars per cow per day. That is the thing. Sir, this is the situation. The dream of a poor Indian farmer is to get a re-birth in US as a cow so that we would get double wage. This is the situation. ...*(Interruptions)*...

So, there is highly subsidised farming from outside, and here whatever investment is coming, it is coming only from the poor farmers. The poor farmer has to bear the expenditure. So, through you, Sir, I request the Government to seriously think of the situation and come out with some concrete proposals in order to help the poor farmers in our country.

Similarly, Sir, we announce many programmes in our Budgets but unfortunately, we do not implement them properly. We are not able to do that. Just see, Sir, how many Committee are there which we have appointed so far. The National Commission on Farmers, the National Development Council's Sub-Committee on Agriculture, the Eleventh Plan Working Groups, Rangarajan Committee on Financial Inclusion and Radhakrishnan Committee on Agriculture Indebtedness are among them. There are half a dozen committees. Only committees are there, but there are no concerte proposals.

Similarly, Sir, when we come to Budget proposals and their implementation, the situation is no different. The National Food Security Mission have a moderate plan to increase the production of rice by 10 million tonnes, wheat by 10 million tonnes and pulses by 2 million tonnes in the Eleventh Five Year Plan. But, Sir, what is the allotment? Sir, there is no proper allotment; only objective is there. Then, Sir, kindly go through the allotment. You go through the situation. The Budget allocations in most of the sectors do not match with the proposals. ...*(Time-bell)*... Sir, I will take just two-three minutes more. In the case of crop science, during 2007-08, the actual Budget allocation was just Rs. 100 crores against the proposal of Rs. 341.05 crores. Similarly, Sir, for the same thing, for 2008-09, against the proposal of Rs. 410.93 crores, the allocation is only Rs. 315 crores, i.e., Rs. 96 crores less. For agricultural engineering, in 2008-09, the allocation is Rs. 42 crore which is just 36 per cent of the proposal of Rs. 115.93 crore. For animal science, against the proposal of Rs. 149.52 crore for 2007-08, only Rs. 80 crores were sanctioned and for 2008-09, only Rs. 90 crores have been allocated against the proposal of Rs. 288.92 crore. For the agricultural extension sector, against the proposal of Rs. 538.17 crore, only Rs. 301 crore have been allocated for 2008-09. So, you see, Sir, the real allocation is very, very less as compared to the announcements.

Similarly, Sir, the experience of *Rashtriya Krishi Vikas Yojana* is also to be taken note of. It is a very important programme for the next Five Year Plan. Now, see, Sir, what is the experience of the first year of the programme? For this Programme, the Central Government has envisaged an outlay of Rs. 25,000 crore for the Eleventh Five Year Plan. That means, on an average, per year, Rs. 5000 crore was to be allocated for this Programme. The main objective of the Plan is to give incentives to the farmers. Now, that is not at all there. So, Sir, the experience of the first year of the Programme is highly disappointing. The outlay was only Rs. 1063 crores and the amount released to the States is only Rs. 984.59 crores. So, against a target of Rs. 5000, this is the allotment. Sir, just see the approach adopted by the Government towards this Programme. A very callous approach has been adopted towards this very important Programme. There are only announcements but there is no

implementation. There is no allotment from the Budget, and, at the Revised Estimate stage, it is further reducing. This is the problem.

Sir, another area of concern is the milk production. I do not want to go into more details. Sir, I would like to say only one thing here. There is an alarming situation. This year, we were forced to ban the export of milk powder. There is no good quality feed available. There should be a proper programme for feed and fodder. It should be linked with the self-help groups. That would be more helpful to the milk farmers. Then, there is this big problem of Avian Flu which occurred recently in West Bengal. Sir, in the recent outbreak of Bird Flu, West Bengal alone suffered a loss of Rs. 1500 crores. It is adversely affecting the poor. Government should take proper and effective safeguards so that such a situation could be avoided in future.

Talking of fishermen, they are in acute distress. Our production of marine products has been coming down. There should be an appropriate programme for enhancing it. At present the situation is a very difficult one. You must help them with free ration and other facilities.

Sir, with regard to Kerala, I have a request to make to the hon. Minister. Kerala is a State where we have an acute shortage of food grains. It is a State that has the advantage of producing cash crops on a large scale. Of course, for coconut there are some programmes. I think whatever announcements have been made with regard to cocounut plantations should be implemented by the Government. With regard to Kuttanadu special package, I would like to say that it would help in increasing the food production in the State, but the Government has to give an assurance that it will be implemented. Similarly, for a State which has a lower production of food grains, a special package must be announced. Sir, we met the hon. Agriculture Minister. He told us that doing that is very difficult as there is no production in our State. Our problem is that we produce cash crops. This earns good foreign currency for the country. Since times immemorial, Kerala has had food shortage. So, my humble request to the hon. Minister is that the Government should announce a special package for increasing food grains production in Kerala and grain allotment for Kerala. The Government has to come forward with some proposal. The Government must, considering the serious situation and the plight of the poor farmers in the country, think of a change in the policy. The policy that you have been pursuing has not helped in resolving the problems of agricultural workers and poor peasants of the country. Also, you must effectively implement the NREGP for improving productivity in agriculture. You have to change the present policy and whatever policy you are announcing must be implemented.

श्री शिवानन्द तिवारी (बिहार): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी-अभी माननीय सदस्य प्रो॰ स्वामीनाथन जी बोल रहे थे, तो उन्होंने कहा कि जब हम कृषि पर चर्चा कर रहे हैं, तो इसका मतलब है कि देश की 70 फीसदी आबादी के बारे में हम चर्चा कर रहे हैं। वह 70 फीसदी आबादी जिस क्षेत्र पर निर्भर करती है, उस क्षेत्र की हालत क्या है, इसके बारे में हमारे जिन वक्ताओं ने पहले कहा है, वह अलग-अलग आंकड़ों के जरिए, वह 70 फीसदी आबादी जिस क्षेत्र पर निर्भर करती है, उस क्षेत्र के बारे में सरकार का दृष्टिकोण क्या है, यह आंकड़ों के सहारे सदस्यों ने बताया।

अभी माननीय शान्ता कुमार जी बोल रहे थे, इन्होंने बताया कि टाइम्स आफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार करीब डेढ़ लाख किसानों ने इस देश में आत्म-हत्या की है। मुझे नहीं लगता है कि यह सरकार कैसे दावा करती है कि एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक शक्ति के रूप में भारत उभर रहा है, भारत उभरेगा। आज ही के अखबार में हमने पढ़ा कि जो Forbes नाम की पत्रिका, जो लिस्ट बनाती है दुनिया के धनी लोगों की, उस लिस्ट में और दो-चार भारतीयों के नाम शामिल होने वाले हैं। मेरे जैसे आदमी को यह लगता है कि जिस देश में 70 फीसदी आबादी कृषि क्षेत्र पर निर्भर करती है, उस क्षेत्र का डेढ़ लाख आदमी आत्म-हत्या करता है। यह एक राष्ट्रीय शर्म की बात है। मुझे आश्चर्य है कि यह

सरकार किस तरह से, आर्थिक तरक्की के और आर्थिक विकास के नाम पर अपनी पीट थपथपाती है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आखिर क्या कारण है कि जिस क्षेत्र में 70 फीसदी आबादी इस देश की निर्भर करती है, उस क्षेत्र के प्रति यह जो सरकारों का दृष्टिकोण है, वह ऐसा क्यों है, इसके पीछे कारण क्या है? मुझे ऐसा लगता है कि गांव और खेती, गांव और कृषि कभी भी इस देश के विकास का एजेंडा नहीं रही है। आजादी के बाद इस देश ने जो विकास का रास्ता अख्तियार किया, उस समय से ही यह हालत है। हमें याद है, जब देश आजाद होने वाला था, 1946 में महात्मा गांधी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को एक चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने यह कहा था कि देश आजाद होने वाला है। आजादी के बाद देश की कैसी तस्वीर होगी और हम आजादी के बाद विकास का कौन सा रास्ता अख्तियार करेंगे, इसके बारे में हम लोगों को विचार कर लेना चाहिए। इस देश के विकास के बारे में जो उनकी दृष्टि थी, गांव के रास्ते देश को विकसित करने का, उसके बारे में उन्होंने पत्र में लिखा था।

महोदय, वह हिन्दी में लिखा गया पत्र था। गांधी जी ने बहुत इंतजार किया, जब उस पत्र का जवाब नहीं आया, तो उन्होंने अपने हिन्दी वाले पत्र का अंग्रेजी में अनुवाद करवाकर फिर से पंडित जी को पत्र लिखा। उसके साथ ही साथ उन्होंने यह भी लिखा कि जवाहर, वह पत्र मैंने हिन्दी में लिखा था, इसलिए तुम्हें जवाब देने में परेशानी हुई होगी, तुम्हारी सुविधा के लिए मैं उस पत्र का अंग्रजी अनुवाद भेज रहा हूं। पंडित जी ने गांधी जी के पत्र का जो जवाब दिया, उसी पत्र से यह तय हो गया था कि आजादी के बाद, माननीय स्वामीनाथन जी कह रहे हैं कि 70 फीसदी आबादी जिस क्षेत्र में रहती है, उसका भविष्य क्या होगा, वह उसी चिट्ठी में तय हो गया। पंडित जी ने जवाब दिया कि बापू आप जिस गांव की बात करते हैं, वह बहुत ही रूढ़ीवादी है, अंधविश्वासी है, बहुत गंदा है, गांव के रास्ते देश का विकास नहीं हो सकता है। यदि आपको विकास देखना है, तो आप यूरोप के लोगों को देखिए। यदि आपको विकास देखना है, तो आप रूस में देखिए, जहां पर योजना बनाकर बड़े-बड़े शहरों के माध्यम से विकास हो रहा है, बड़े-बड़े कलकारखानों के माध्यम से विकास हो रहा है। हमारे देश की आबादी जिस क्षेत्र पर निर्भर करती है, उस क्षेत्र के बारे में जो सरकारों की दृष्टि है, उसके आंकड़े बता रहे हैं। यह सही है कि आजादी के बाद खाद्य उत्पादन के क्षेत्र में, हमारे देश की हालत बहुत खराब थी और गरीब लोगों को खिलाने के लिए हमें बाहर के देशों के सामने, अमेरिका के सामने और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हाथ पसारना पड़ता था। हरित क्रांति के नाम पर देश में जो खेती का विकास हुआ, वह भी अद्भुत हुआ। हमने अपनी पूरी खेती की व्यवस्था को, कृषि टेक्नॉलाजी को आयातित किया। जो हमारी परंपरागत खेती थी, उसका विकास कैसे होगा, उसकी उन्नति करके, हम देश में खाद्यान्न का उत्पादन कैसे बढ़ाएंगे, इस पर देश ने कभी नहीं सोचा और इस पर कभी काम नहीं किया। जब हमारे यहां फोर्ड फाउंडेशन के बीज आए, जब हम छोटे थे और हरित क्रांति चल रही थी, उस समय हम सुनते थे कि फोर्ड फाउंडेशन का बीज आया है। वह बीज सिर्फ बीज नहीं आया, वह अपने साथ एक टेक्नॉलोजी, एक पूरी व्यवस्था लेकर आया। हमने बचपन में अपने गांव में जो खेती की व्यवस्था देखी थी, वह सारी व्यवस्था बदल गई। खेती में केमिकल फर्टिलाइजर का प्रयोग होने लगा। खेती को कीड़े, मकोड़ों से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर दवाईयों का इस्तेमाल शुरू हुआ। हम बचपन में अपने खेतों में जो रंग-बिरंगी तितलियां पकड़ते थे, आज वे तितलियां गांवों से गायब हो गई हैं। गांवों के खेतों में जो केंचुए चलते थे, वह मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बचाते थे, आज वे सारे के सारे खत्म हो गए हैं। यही नहीं, मैं बिहार के जिस इलाके से आता हूं, वह इलाका गंगा के किनारे का है। उस इलाके में जिन फसलों का उत्पादन होता था, अब उन फसलों का वह उत्पादन भी बंद हो गया है। वहां पर सिर्फ गेहूं और चावल का ही उत्पादन होने लगा है। हमारे यहां पर जो मोटे अनाज पैदा होते थे टांगुन, मसुरिया और कोदो आदि उनका उत्पादन बंद हो गया है। बाद में हमने डाइटिशियन की रिपोर्ट पढ़ी, तो उसमें यह बताया गया था जो मोटे अनाज पैदा होते थे, जिनसे हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जो अलग-अलग तत्व मिलते थे, अब वे मोटे अनाज भी खत्म हो गए हैं और यह देश चावल, गेहूं पर निर्भर हो गया है। पिछले साल राजस्थान में बारिश आई थी, उससे पहले राजस्थान में लगातार अकाल पड़ता था और राजस्थान के लोग अपने पशुओं के साथ अपनी जान बचाकर, वहां से भाग रहे थे। उस समय मैंने अखबार में पढ़ा कि वहां के कृषि वैज्ञानिकों ने कहा, राजस्थान जो मोटा अनाज पैदा करता था, वह अनाज कम पानी में पैदा होता था और उसके अंदर रोगों से लड़ने की क्षमता भी थी, उसका उत्पादन राजस्थान ने छोड़ दिया है। आज उसका खामियाजा राजस्थान को भुगतना पड़ रहा है। यह हालत सिर्फ राजस्थान की नहीं है, यह पूरे देश की हालत है। अभी स्वामीनाथन जी बोल रहे थे, उन्होंने कहा कि पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश.....। ये हमारे देश के अन्न भंडार हैं, इनकी रक्षा होनी चाहिए। इन्होंने चिंता जाहिर की कि वाटर लेबल नीचे जा रहा है। एक जगह नीचे नहीं जा रहा है, हमें ऐसा लगता है कि पंजाब; हरियाणा या पश्चिमी

उत्तर प्रदेश में खेती का उत्पादन स्टेग्नेंट हो गया है, saturation point पर हम लोग पहुंच गए हैं। जो खबरें मिलती हैं, उसके आधार पर यह लगता है कि भूगर्भ का पानी भी contaminated हो गया है। जिस तरह से वहां केमिकल फर्टिलाइजर और दवाइयों का इस्तेमाल हो रहा है, उसका प्रभाव हो रहा है। इसलिए हमें ऐसा लगता है कि जो वर्जिन इलाके हैं, जहां खेती में उत्पादन की क्षमता है, उसका पूरा एक्सप्लॉएटेशन नहीं हुआ है। उन इलाकों की तरफ माननीय कृषि मंत्री जी को ध्यान देना चाहिए। उन इलाकों में छत्तीसगढ़ है, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, बंगाल के इलाके है। ये वे इलाके हैं, जहां हम खेती की पूरी संभावना का इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं। इन इलाकों में क्षमता का इस्तेमाल करना चाहिए। उपाध्यक्ष महोदय, बिहार में जो नई सरकार बनी है, हमारे मुख्य मंत्री पिछले दिनों दिल्ली आए थे, उन्होंने प्रधान मंत्री जी से मुलाकात की थी और 6000 करोड़ रुपए का खेती का एक रोड मैप बनाकर पेश किया था। अभी बिहार में जो खेतिहर हैं, अच्छे किसान हैं, हमने उन किसानों को सम्मानित करने का सिलसिला शुरू किया है। ''किसान श्री'', ''किसान भूषण'' आदि पुरस्कार देकर उनको सम्मानित करते हैं। ऐसे सारे किसानों की एक बैठक पटना में बुलाई गई थी, यह दस घंटे तक चली थी, मुख्य मंत्री दस घंटे तक उस बैठक में उपस्थित रहे। उसमें खेती के बारे में एक रोड मैप प्रस्तुत किया गया था। इसके लिए जो योजना बनी है, उस योजना में भारत सरकार की मदद के लिए मुख्यमंत्री यहां आए थे। हमें यकीन है, हमने वह रोड मैप देखा है, अगर भारत सरकार सहयोग करती है तो बिहार में खेती के उत्पादन को दुगुना और तिगुना किया जा सकता है, उस इलाके की इस तरह की उर्वर भूमि है। सिर्फ हमारा ही नहीं, बल्कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम और बंगाल को भी उसमें जोड़ना चाहिए। हमारे साथी श्री विजय राघवन जी अभी बोल रहे थे, उन्होंने ठीक कहा कि ''यू'' टर्न लेने की जरूरत है। हमें यह समझ में नहीं आ रहा है कि सत्तर प्रतिशत आबादी जिस क्षेत्र पर निर्भर है, उस क्षेत्र की लगातार उपेक्षा हो रही है। यह दिखाई दे रहा है कि खेती का उत्पादन घट रहा है। किसान आत्महत्या कर रहा है। प्राइज राइज हो रहा है। जो सर्वे होता है, उस सर्वे में बताया जाता है कि अधिकांश किसान खेती को छोड़ना चाहते हैं। सरकार उस क्षेत्र को जिस ढंग से निग्लेक्ट कर रही है, उसका मूल कारण यही है कि खेती के प्रति उपेक्षा है। विजयराघवन जी मार्क्सवादी पार्टी से आते हैं, हम यह कहना चाहेंगे कि जो पूंजीवादी विचार हैं और मार्क्सवादी विचार हैं, दोनों में गांव और किसान को पिछड़ा माना जाता है। इसलिए जब-जब राज करने का मौका आता है-पूंजीवादी देशों में सफलता की निशानी यह मानी जाती है कि वहां तीन प्रतिशत लोग खेती में हैं, चार प्रतिशत लोग खेती में हैं। यही माना जाता है कि पूंजीवादी का विकास हुआ और मार्क्सवाद में कहा गया है कि किसान तो अंधविश्वासी होता है, किसान क्रांति विरोधी होता है, इसलिए इस देश में किसी को चिंता नहीं रही, इस देश में एकमात्र आदमी था-महात्मा गांधी। हमारे संविधान में हमने इससे पहले भी कहा था...(व्यवधान)...

श्री बनवारी लाल कंछल (उत्तर प्रदेश): श्री राम मनोहर लोहिया भी थे।

श्री शिवानन्द तिवारी: गांधीवादी धारा को आगे बढ़ाने के काम में डा॰ राम मनोहर लोहिया ने भी योगदान दिया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Mr. Tiwari, the time allotted to you is over. Please, conclude.

श्री शिवानन्द तिवारी: हम यह कह रहे थे कि हमारे देश में जो संविधान बना है, उस संविधान में देश के विकास के लिए जो रास्ता बताया गया था, डायरेक्टिव प्रिंसिपल के जरिए, उसके विरुद्ध यह सरकार काम कर रही है। खेती की नीति, मजदूर नीति, अर्थ नीति सब में संविधान हमें दिशा निर्देश दे रहा है कि इस ढंग से हमें विकास का रास्ता चुनना चाहिए। अगर हम उस रास्ते को चुनेंगे तो हमें लगता है कि खेती की समस्या का समाधान कर सकते हैं, अन्यथा कोई रास्ता नहीं दिखता है। माननीय कृषि मंत्री बहुत अच्छे जानकार हैं। कृषि के लिए इन्होंने जो किया है, उसे देखने से लगता है कि ये 66,000 करोड़ रुपए खेती में लगाने जा रहे हैं। यह छठी पंचवर्षीय योजना में 62,000 करोड़ था, लेकिन छठी पंचवर्षीय योजना में जो मूल्य खेती के उपकरण के थे, खाद और बीज के थे, उसके मुकाबले आज जो मूल्य वृद्धि हुई है, उसमें 66,000 हजार करोड़ रुपए कहां ठहरेंगे, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। इसलिए सरकार को नए सिरे से सोचना चाहिए और विकास की जो नीति है, उसे बदलकर ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो सत्तर प्रतिशत आबादी के बारे में चिंता कर सके और उसी के विकास को देश का विकास माने। इसी के साथ, अपनी बात खत्म करता हूं। धन्यवाद

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Next speaker is Shri Gandhi Azad. Your allotted time is four minutes. You can take six minutes.

श्री गांधी आजाद: धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय। हमारा देश कृषि प्रधान देश है और 70 प्रतिशत से ज्यादा आबादी कृषि पर निर्भर करती है। यहां का किसान जाड़ा, गर्मी, बरसात, सब सहन करते हुए, स्वयं भूखा रह कर भी देश की जनता के पालन-पोषण के लिए अन्न पैदा करता है। मेरी राय में अगर यहां के किसानों का वर्गीकरण किया जाए, तो उन्हें चार वर्गों में विभाजित किया जा सकता है। इस देश में कुछ ऐसे किसान हैं, जिनके पास इतनी जमीन है कि जिसका लेखा-जोखा उनको खुद ही मालूम नहीं है और वे खेती में खुद काम नहीं करते हैं, दूसरों के प्रबन्धन द्वारा खेती की जाती हैं ऐसे लोग शायद जमीन की, भूमि की मिट्टी भी छू लें, तो उनके हाथ में खुजली जरूर हो जाएगी, लेकिन उनके पास खेती सबसे ज्यादा है। दूसरी कैटेगरी के ऐसे लोग हैं, जिनके पास भी खेत कुछ ज्यादा है, लेकिन उसका प्रबन्धन वे स्वयं करते हैं, उसकी देख-रेख करते हैं। तीसरे प्रकार के वे लोग हैं, जिनके पास खेत कम है और वे स्वयं काम करते हैं और जरूरत पड़ने पर कभी दूसरे लोगों से भी काम करा लेते हैं। चौथी प्रकार के ऐसे लोग हैं, जिनकी संख्या इस देश में सबसे ज्यादा है, लगभग 20-25 प्रतिशत, जो खेती और किसानी का काम अकेले नहीं, पूरे परिवार सहित लग कर करते हैं, लेकिन उनके पास एक इंच जमीन नहीं होती। वे दूसरे के खेतों में काम करते हैं। सरकार द्वारा जो भी योजना बनाई जाती है और जो भी लाभ पहुंचाया जाता है, वह इन तीन कैटेगरी के किसानों को तो जाता है, लेकिन मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या ऐसे भूमिहीन किसान, जिनकी संख्या 20-25 प्रतिशत है और जो पूरे परिवार सहित खेती में काम करते हैं, उनके प्रति भी क्या हमारी सरकार कुछ करने की तमन्ना रखती है? ऐसे किसानों की आज सबसे ज्यादा दुर्दशा है। आज मशीनीकरण के कारण एक तरफ हमारा उत्पादन बढ़ा है, इसमें रंच मात्र संदेह नहीं है। हम अपने देश के वैज्ञानिकों और कृषकों को बधाई देना चाहते हैं कि मशीनीकरण के कारण हमारे देश के हर क्षेत्र में विकास हुआ है, लेकिन इसके दूसरे पहलू पर भी हमको विचार करना चाहिए कि आज मशीनीकरण के कारण कृषि में जुताई का काम, बुवाई का काम, सिंचाई का काम, कटाई का काम, पिसाई और कुटाई का काम, सब मशीनों से किया जा रहा है। जो काम पहले दस मजदूर, दस किसान किया करते थे, आज उसे दो लोग कर रहे हैं और आठ लोग बेकार हो रहे हैं। वे आठ लोग हाथ रहते हुए भी, जाँगर रहते हुए भी उनको उन खेतों में काम नहीं मिल रहा है। बाध्य होकर वे शहरों मे आ रहे हैं और शहरों में भी वही दशा। मशीनीकरण, कम्प्यूटरीकरण के कारण उनके हाथ को शहरों में भी काम नहीं मिल रहा है और वे बेकार हो रहे हैं।

हमारे वित्त मंत्री जी ने 60 हजारे करोड़ रुपया किसानों के ऋण अदा करने के लिए दिया है। मैं उनको बधाई देना चाहता हूं, लेकिन ऐसे जो 20-25 प्रतिशत किसान, जो भूमिहीन किसान हैं जिनको बैंक भी ऋण नहीं देता, बैंक भी ऋण ऐसे ही लोगों को देता है, जिनके पास बंधक रखने के लिए कुछ-न-कुछ जमीन हो, जायदाद हो, खेती हो, घर हो, लेकिन ऐसे भूमिहीन कृषकों के पास न खेती है, न घर है। ऐसे लोगों को जब बैंक ऋण नहीं देता है, तो वे मजबूर हो कर साहूकारों के चंगुल में चले जाते हैं। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या ऐसे किसानों के प्रति भी सरकार का कुछ सोचना है? क्या सरकार उनके लिए भी कुछ करना चाहती है? मैं इस सदन के माध्यम से बताना चाहता हूं, आप सभी लोग जानते होंगे कि मुंशी प्रेम चंद जी की एक कहानी है, सवा सेर गेहूं की कहानी, जिससे किसान को जिन्दगी भर छुटकारा नहीं मिला। आज इस सदन और आपके माध्यम से मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि आज ऐसे किसानों के प्रति भी सोचने की जरूरत है, जो आज भी उन साहूकारों के चंगुल में फंसे हैं और आत्महत्याएं कर रहे हैं। ऐसे लोगों की तादाद बहुत ज्यादा है, इसलिए इनके विषय में भी सोचने की जरूरत है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है और वह अधिक जनसंख्या वाला प्रदेश भी है। उत्तर प्रदेश की सरकार के उचित प्रबंधन के कारण, वहां गरीबी जरूर है, लेकिन भुखमरी नहीं है। हमारे सहयोगी साथी श्री अमर सिंह जी अभी यहां नहीं हैं ....(**व्यवधान**)....

माननीय सदस्य: हम लोग तो हैं। आप की जो भी बात है, हम सुन रहे हैं।

श्री गांधी आजाद: ठीक है, आप लोग हैं, मैं आप लोगों को ही सुनाता हूं। अमर सिंह जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गन्ना जलाया जा रहा है, लेकिन हमारा मानना है कि उत्तर प्रदेश में गन्ना जलाया नहीं जाता है, बल्कि गन्ने की दूसरी फसल लेने के लिए खरपतवार को जलाया जाता है। शायद वहीं उनको लग रहा है कि गन्ना जलाया जाता है। मैं सदन के माध्यम से देश को बताना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में, पिछली सरकार द्वारा किसानों का जो गन्ने का मूल्य बकाया था, उसे बहुजन समाज पार्टी की सरकार एवं हमारी नेता बहन कुमारी मायावती जी ने अदा करने का काम किया है। वहां पर गेहूं, चावल, गन्ना, आलू एवं अन्य सभी फसलों की भरमार है। ...(**व्यवधान**)... उत्तर प्रदेश में इनकी भरमार है। आलू और गन्ना तो इतना ज्यादा पैदा हुआ है ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती जया बच्चन (उत्तर प्रदेश): गांधी आजाद जी, आप असत्य मत बोलिए। भगवान के पास जाना है, इसलिए हाउस में सच-सच बोलिए।

श्री गांधी आजाद: मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं, मालूम नहीं अभी वह कहां चले गए हैं, वहां गन्ना और आलू तो इतना पैदा हुआ है कि अगर उनके पास व्यवस्था हो तो उत्तर प्रदेश से आलू एवं चीनी खरीद करके, देश के दूसरे प्रदेशों में पहुंचाने का काम करें और इसलिए ...(व्यवधान)....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Mr. Azad, your time is over, Please conclude.

श्री गांधी आजाद: महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आज महंगाई जो बढ़ रही है, उसका मुख्य कारण बड़े-बड़े उद्योगपति हैं, जो जमाखोरी करते हैं, मुनाफाखोरी करते हैं, कमिशनखोरी करते हैं। सरकार द्वारा उस पर अंकुश लगाने की जरूरत है, तभी इस महंगाई को नियंत्रित किया जा सकता है। भूमिहीन किसानों की समस्याओं के बारे में भी मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि उनकी समस्याओं का निदान करने की भी जरूरत है। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, धन्यवाद।

श्री हरीश रावत (उत्तराखंड): उपसभाध्यक्ष महोदय, आज भारतीय किसान के हक में दो अच्छी बाते हैं, एक तो सरकार में श्री शरद पवार जी जैसे सक्षम मंत्री का होना है, जो उनके हितों की वकालत कर सकते हैं और दूसरा उनके एडवोकेट के रूप में प्रो॰ स्वामीनाथन जी की इस सदन में, इस संसद में मौजूदगी है। मैं समझता हूं कि इन दोनों के कॉम्बिनेशन से किसानों की आवाज, सरकार में और सरकार के बाहर भी, सदन में और पूरे देश में हमेशा मजबूती से उठती रहेगी।

सर, हरित क्रांति के बाद यह दूसरा मौका है, जब किसान हमारी राष्ट्रीय नीति का केन्द्र बिन्दु दिखाई दे रहा है। मैं इसके लिए सम्मानित प्रधान मंत्री जी को सम्मानित कृषि मंत्री जी को और यू॰पी॰ए॰ की चेयरपरसन श्रीमती सोनिया गांधी जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं, बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं।

सर, input में subsidy की बढ़ोतरी, MSP की समय पर घोषणा और MSP में अभूतपूर्व वृद्धि तथा किसानों को जो आज एक से ज्यादा market option उपलब्ध हैं, उनका सामूहिक परिणाम ही है कि इस वर्ष जो गेहूं की फसल है, वह रिकॉर्ड फसल होने जा रही है। इनको उम्मीद है और कृषि मंत्री जी की इस उम्मीद के साथ सब लोग हैं कि आगे आने वाले समय में जो चावल की, धान की फसल भी होगी, वह बहुत अच्छी होगी।

सर, कर्ज माफी के निर्णय के लिए पूरा यू॰पी॰ए॰ परिवार धन्यवाद का पात्र है। कर्ज माफी के एक पहलू पर बहुत कुछ कहा गया है। मैं उस विषय पर सदन का ज्यादा समय खर्च करना नहीं चाहता हूं। उसका जो सबसे उत्साहजनक पहलू है, वह पहलू यह है कि किसान अपने को फिर से recharged महसूस कर रहा है, electrified महसूस कर रहा है। किसान के अन्दर एक उत्साह पैदा हुआ है। अब इसका किस तरीके से लाभ उठाया जाए, यह दायित्व, यह गुरुत्तर दायित्व माननीय कृषि मंत्री जी के ऊपर आया है और हमें प्रसन्नता इस बात की है कि National Policy for Farmers की घोषणा के साथ कई नए initiative माननीय कृषि मंत्री जी ने, भारत सरकार ने initiate किए हैं। इनमें से कुछ पुराने हैं और कुछ नए है। इनमें राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, National Food Security Mission, National Horticulture Mission, Accelerated Irrigation Benefit Programme, Rain-fed area Development Programmes, Water Resources Finance Corporation की स्थापना, National Agricultural Insurance Scheme, National Project for Cattle and Buffalo Breeding, Live Stock Insurance Scheme, National Bamboo Mission आदि हैं। इसके अलावा भारत निर्माण के अन्दर जो एक बड़ी राशि छोटी सिंचाई पर खर्च की जा रही है, मैं समझता हूं कि उन सब का cumulative effect आने वाले कुछ समय में दिखाई पड़ेगा। प्रधान मंत्री जी ने जो दूसरी हरित क्रांति की बात कही है, मैं समझता हूं कि उसकी एक मजबूत नींव इन वर्षों में, एक-दो वर्षों के अन्तराल में, पड़ी है और हमारा देश आगे आने वाले समय में उस दिशा में आगे बढ़ेगा।

सर, मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान, जो technique yield में आ गयी है, उसकी तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। उसके लिए आज प्रयास करने की जरूरत है। इसमें इस समय जो वातावरण उपलब्ध है, उस वातावरण का लाभ उठाया जा सकता है, क्योंकि किसान अभी उत्साहित है। माननीय वोरा जी ने कर्ज माफी के दायरे को बढ़ाने के विषय

में कुछ सुझाव दिए। मैं कृषि मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि उनके stature का लाभ किसान को भरपूर मिल सकता हैं, यदि वह मजबूती से इसके दायरे को कुछ बढ़ाने के पक्ष में ऐसे आ कर के खड़े हो जाएं। मैं एक तो उस किसान की वकालत करना चाहूंगा, जिस किसान ने ऋण लिया, मगर समय पर उसका भुगतान कर दिया। आज वह किसान, वह criteria के अन्दर है, मगर अपने को उपेक्षित महसूस कर रहा है। जब पड़ोसी को कुछ लाभ होता है, तो निश्चित तौर पर मन में कोई चीज कचोटती है। मेरा आग्रह है कि ऐसे किसान के लिए भी भारत सरकार को कुछ प्रोत्साहन पैकेज घोषित करनी चाहिए।

दूसरी बात जोत को लेकर है। आपने सिंचित और असिंचित भूमि को तराजू के एक ही पलड़े में रख दिया है। दोनों की कोई तुलना नहीं है। जो असिंचित खेती वाला किसान है, वह अपने को let down फील कर रहा है। मेरा आग्रह है कि आने वाले समय में, यह जो दो हेक्टेयर का criteria है, उसको बढ़ा कर असिंचित खेती के लिए कम-से-कम 5 हेक्टेयर किया जाना चाहिए।

तीसरा सुझाव यह है, जिसकी आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है। उस विषय में प्रोफेसर स्वामीनाथन कमेटी ने भी बहुत मजबूती से कहा है तथा यदा-कदा माननीय कृषि मंत्री जी ने भी उसके विषय में कहा है।

वह है जो ब्याज की दर है, जिस दर पर आज किसान को ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है, यदि वहीं दर बनी रहती है, तो अगले पांच साल में हमें एक और ऋण माफी की योजना के लिए तैयार रहना चाहिए। हम चाहते हैं कि इस ब्याज़ दर को घटाकर के चार प्रतिशत के आसपास लाना चाहिए, पहले तो यह दर तीन प्रतिशत होनी चाहिए, नहीं तो ज्यादा से ज्यादा चार प्रतिशत होनी चाहिए, इससे किसान को राहत हो, और जैसा अभी हमने ऋण माफ करवाया, जो एक बहुत बड़ा क्रांतिकारी कदम है, उसका लाभ दीर्घकाल तक किसान को प्राप्त हो सके, खेती को प्राप्त हो सके, उसके लिए आवश्यक है कि हम ब्याज-दर घटाने के विषय में गंभीरता से चिंतन करें।

महोदय, कृषि उत्पादकता में घटौतरी की बात की जाती है, लेकिन कृषि पर परिव्यय में जो घटौतरी है, चाहे सेंटर सेक्टर में हो, चाहे स्टेट सेक्टर में हो, विशेष तौर पर स्टेट सेक्टर में कृषि एक प्रकार से उपेक्षित है। यह सौभाग्य है कि शरद पवार जैसे स्टेचर का व्यक्ति भारत के कृषि मंत्री है। राज्यों में कृषि मंत्रालय को बहुधा लाइटवेट मंत्रालय समझा जाता है। इस दृष्टिकोण को आज बदलने की आवश्यकता है। मैं तो आग्रह करना चाहूंगा कि इस पर सोच बननी चाहिए कि आज समय आ गया हैं कि हम विचार करें कि राज्यों के लिए और केन्द्र के लिए जो वार्षिक बजट है, उसमें मापीकरण होना चाहिए कि इतना प्रतिशत कृषि के लिए व्यय होगा। इस समय अधिकांश राज्य, जो केन्द्र पोषित योजनाएं हैं, उनका लाभ उठाकर के अपनी जिम्मेदारी से बच जा रहे हैं। हमको कोशिश करनी चाहिए कि केन्द्र से जो धन मिल रहा है, उस धन के साथ राज्यों के एफर्ट्स भी लागू हों। आपने जो कृषि विकास योजना की बात कही है, उस योजना में आपने ऐसे राज्यों को प्रोत्साहित करने की नीति रखी है। मैं समझता हूं कि केवल प्रोत्साहन की पॉलिसी से काम नहीं चलेगा, इसके लिए कहीं-न-कहीं एनडीसी के माध्यम से मुख्य मंत्रियों की बैठक करके राष्ट्रीय सोच तैयार की जाए, या इसके विषय में कोई सेंट्रल लेजिस्लेशन लाया जा सकता हो, तो उस पर विचार होना चाहिए।

महोदय, वैज्ञानिकों के विषय में, आईसीएआर के रोल के विषय में यहां पर बहुत सारी बातें कही गई। हमारी उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं और उन्होंने समय के साथ चुनौती को स्वीकार भी किया है, लेकिन हमने उनको कितना मजबूत करने का काम किया है? हम कृषि अनुसंधान पर कितना निवेश कर रहे हैं? इसमें लगातार निवेश में घटौतरी हो रही है। हम नहीं कह रहे हैं कि आप अमरीका के बराबर निवेश करिए, मगर कहीं चीन के समकक्ष तो आने की कोशिश करिए, वहां तक तो इसे लाने की कोशिश करिए। हमारा किसान भी प्रति हैक्टेयर उतनी यील्ड दे सकता हैं, जितना चीन का किसान दे रहा है, लेकिन बशर्ते हम इसको समकक्ष बीज, पानी, खाद और दूसरे न्यूट्रिएंट्स दे सके। हमारी जो एग्रीकल्चर स्टैंडिंग कमेटी है, उसने लगातार इस प्रश्न को उठाया है, लगातार आग्रह कर रही है, योजना आयोग से आग्रह कर रही है, वित्त मंत्रालय से आग्रह कर रही है कि आप आईसीएआर के बजट में, कृषि अनुसंधान के बजट में एक बड़ी बढ़ौतरी करिए। वन टाइम स्पेशल ग्रांट के रूप में एक हजार करोड़ रुपया देने की संस्तुति, मैं समझता हूं, स्टैंडिंग कमेटी ने एक से अधिक बार की है। मैं नहीं समझ पाता कि आईसीएआर के सहयोग के बिना हम हरित क्रांति के प्रधान मंत्री के नारे को सार्थक कर पाएंगे। कोई जादू की पुड़िया नहीं है, केवल एक्सटेंशन वर्कर्स के एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर के सहारे यह काम नहीं हो सकता है, हमको इस काम में अपने साइंटिस्ट्स को जोड़ना पड़ेगा।

महोदय, इस संदर्भ में हमारी अपने कार्पोरेट सेक्टर से भी शिकायत है, जो मैं दर्ज करना चाहूंगा कि जो कृषि के क्षेत्र में परिवर्तन आ रहे हैं, उसका वे लाभ तो लेना चाह रहे हैं, जो एग्रीकल्चर का ग्लोबलाइजेशन हो रहा है, उसका पूरा लाभ वे लेना चाह रहे हैं, जो मार्केट इकोनोमी का प्रभाव है खेती के ऊपर, उसका पूरा लाभ वे लेना चाह रहे हैं, मगर कृषि के अनुसंधान के क्षेत्र में रत्ती भर भी वे खर्च नहीं करना चाहते हैं। हमारे कृषि मंत्री जी का प्रभाव यदि काम कर जाए और ये जो बड़े-बड़े घराने हैं, वे कृषि क्षेत्र के अनुसंधान में पैसा खर्च करें, तो मैं समझता हूं कि सरकार की कोशिशों में इससे बड़ा भारी सहयोग मिलेगा, उनको प्रोत्साहित करना बड़ा आवश्यक है। सर, यहां पर lab to field की बात कहीं गई, माननीय श्री शान्ता कुमार जी ने उस विषय में कहा और उन्होंने उस विषय में कृषि विज्ञान केन्द्रों का उल्लेख किया। ATMA प्रोजेक्ट भी काम कर रहा है और मैं समझता हूं कि इन दोनों का एक तरीके से इंटीग्रेशन होना चाहिए। लेकिन, क्या हमारे कृषि विज्ञान केन्द्र जिस अपेक्षा के साथ या जिस विचार से इनको लागू किया गया था, उस अपेक्षा को पूरा करने के लिए सक्षम हैं, उस स्थिति में हैं? कुछ सौभाग्यशाली कृषि विज्ञान केन्द्र हैं, मैं समझता हूं कि एक चौथाई कृषि विज्ञान केन्द्र भी ऐसे नहीं है, जो सक्षम वैज्ञानिकों के हाथ में हैं। अपेक्षा ऐसी की गई थी कि कृषि विज्ञान केन्द्र जिला स्तर पर स्थानीय अनुसंधान के काम को भी अपने हाथ में लेंगे, लेकिन यहां तो स्थिति यह है कि जो अनुसंधानित ज्ञान है, उसको लोगों तक, किसानों तक पहुंचाने में हमारे कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभावशाली माध्यम नहीं बन पा रहे हैं। स्वयं ICR के लोगों ने इस बात को स्वीकार किया है कि कई कृषि विज्ञान केन्द्र ऐसे हैं, जो semi functional हैं, कुछ functional ही नहीं हैं। तो मेरा माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह है कि ऐसा कदम उठाया जाना चाहिए ताकि हर जिले में, बल्कि जिला ही क्यों जो बड़े क्षेत्रफल वाले जिले हैं, उनमें दो ऐसे केन्द्र होने चाहिए जहां लोगों को, किसान को मिट्टी का, पानी का, बीज का, खाद का, कीटनाशक का परीक्षण करवाने की सुविधाएं हासिल हो सकें। कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों को किस तरीके से प्रोत्साहित करना है, ताकि वे कृषि विज्ञान केन्द्रों को एक सक्षम mini laboratory में बदलने का काम कर सकें, इसके लिए तौर-तरीके निकालने की और रणनीति बनाने की जरूरत है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारी सारी कृषि खेती का अभी तक का ओरिएंटेशन सिंचित खेती पर है। देश की लगभग 60 प्रतिशत वर्क फोर्स खेती पर निर्भर है और उस 60 प्रतिशत के केवल 15 प्रतिशत सिंचित खेती के साथ है, बाकी वर्क फोर्स का सारे का सारा हिस्सा असिंचित खेती पर निर्भर करता है और असिंचित खेती के लिए आपने इस समय कुछ इनिश्येटिव लिए हैं, जिनमें से आपने Rain-fed Authority की बात कही है। मैं कृषि मंत्री जी से आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहूंगा कि Rain-fed Authority के concept को हमको इस तरीके से आगे बढ़ाने की जरूरत है ताकि उसको multi dimensional बनाया जा सके, उन क्षेत्रों के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में बनाया जा सके, जो बहु आयामी स्वरूप है कृषि विकास का उसको Rain-fed Authority के साथ जोड़ा जा सके और उसी एक अथॉरिटी के साथ जो असिंचित खेती वाला किसान एप्रोच करके राहत पाने का, मार्गदर्शन पाने का काम कर सके। क्या हम यह कह सकने की स्थिति में हैं कि जो हमारी असिंचित खेती है, उसका इतने प्रतिशत हिस्सा हम हर वर्ष सिंचित में परिवर्तित करेंगे, कोई लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं कि उसको सिंचित में परिवर्तित करेंगे? जो अर्धसिंचित है, उसको पूर्ण सिंचित में लाने का काम करेंगे, सर, अभी तक ऐसा है नहीं। जो पैसा भारत निर्माण में खर्च हुआ है, विकास खंडों के या ग्राम सभाओं के माध्यम से खर्च हुआ है, उसमें बहुत सारी शिकायतें हैं। बल्कि, मैं माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि जितने इनिश्येटिव इन्होंने लिए हैं, उनमें जब self inbuilt monitoring system नहीं होंगे, तक तक मैं नहीं समझता हूं कि पैसे का यह जो इतना बड़ा रेला निकलकर जा रहा है, उस रेले का बहुत बड़ा उपयोग होगा।

सर, अर्धसिंचित क्षेत्र में माननीय शान्ता कुमार जी ने एक बहुत अच्छा सुझाव दिया Rain Harvesting का। हम इसके साथ गांव को किस तरीके से जोड़ें और गांव में भी माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, जब तक हम पर्याप्त सब्सिडी नहीं देंगे, यह नहीं होगा। अभी इसके तहत जो योजनाएं उपलब्ध हैं, उनमें हम कुछ पैसा देते हैं, कुछ पैसा बीच में बर्बाद हो जाता है। इस कुछ पैसे से काम नहीं चलेगा, कम से कम 50 प्रतिशत अनुदानित, ऋणमुक्त, ब्याजमुक्त ऋण के रूप में इस योजना को संचालित करना पड़ेगा ताकि जो Rain Harvesting की स्कीम है, वह rain-fed areas के लिए वास्तव में वरदान साबित हो सके मैं यहां पर उस 20 प्रतिशत क्षेत्र के वकालत करना चाहूंगा जिसको हम Indian Himalayas कहते हैं। Indian Himalayas की जो खेती है, जिस क्षेत्र में 11 राज्य हैं, हमारे पश्चिमी बंगाल का भी कुछ हिस्सा, दार्जिलिंग भी उसमें सम्मिलित है, यह सबसे उपेक्षित क्षेत्र है। इसके लिए जो National Horticulture

5.00 P.M.

Mission launch किया गया, उसमें बहुत थोड़ा पैसा, अगर नॉर्थ-ईस्ट के हिस्से को निकाल दें, तो इस साल इस योजना के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के लिए आप 58 करोड़ रुपया खर्च करेंगे। अब 58 करोड़ रुपए से इतने बड़े Indian Himalayas मानवता की धरोहर हैं, ये जैविक मृदा के भंडार हैं, उत्तरी भारत में गंगा का जितना मैदानी क्षेत्र है, आपकी सारी कृषि इस पर निर्भर करती है।

पंचायती राज मंत्री तथा उत्तरपूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री (श्री मणि शंकर अय्यर): मेरा अनुरोध यह है कि आप नॉर्थ-ईस्ट को भी इसमें शामिल कीजिए।

श्री हरीश रावत: मैंने नॉर्थ-ईस्ट भी कहा है। जब हम Indian Himalayas की बात करते हैं, तो नॉर्थ-ईस्ट भी उसमें शामिल है, मैं केवल Central Himalayas की बात नहीं कर रहा हूं। मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि वहां पर कई प्रकार की चुनौतियां हैं। वहां की खेती के सामने भौतिक बाधाओं की चुनौती है, छोटे-छोटे ऊबड़-खाबड़ खेत हैं, तकनीकें अपनाने के लिए चाहे नॉर्थ-ईस्ट के लोग हों, चाहे उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के लोग हों, वे आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं हैं कि ये तकनीकें अपना सकें। आपकी ये नयी प्रौद्योगिकी इतनी मंहगी है कि वे उसको खरीद नहीं सकते, आपके पास समर्पित मशीनरी नहीं है, भू-क्षरण से ये क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। मैं अपने को करेक्ट करना चाहूंगा कि जो National Technology Mission for Integrated Development of Horticulture in North-East, Sikkim, Jammu & Kashmir & Uttarakhand है, इस पर 96 करोड़ रुपया खर्च होगा। इन क्षेत्रों के आर्थिक कायाकल्प का जो लक्ष्य है, उसके लिए यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

माननीय कृषि मंत्री जी, आपके हाथ में 4 सालों से कृषि मंत्रालय की कमान है, लेकिन हमारी शिकायत पूरे कृषि मंत्रालय से है, पूरे अनुसंधान के स्तर से है। हिमालयन खेती पर, पर्वतीय खेती पर न्यूनतम व्यय किया गया है, उसके अनुसंधान पर न्यूनतम व्यय किया गया है। हमारे यहां पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय है, वह राष्ट्र की धरोहर हो गया है, हिमालय की तरफ उनका उतना ध्यान नहीं जा पाता है, वे ध्यान देते हैं, लेकिन उतना ध्यान नहीं जा पा रहा है, दूसरे जो अनुसंधान केन्द्र हैं, दूसरे जो कृषि विश्वविद्यालय हैं, वे भी कार्य कर रहे हैं, जो कुछ वे कर रहे हैं, हमें उन पर गर्व है, लेकिन उसका परिणाम लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार के रूप में नहीं देखा जा रहा है। आज भी देश के अंदर गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोगों का सर्वाधिक प्रतिशत उत्तराखंड के अंदर है, जब कि हमारे पास प्राकृतिक रूप से सबसे बड़ी धरोहर है। हिमालय, जो दुनिया का सबसे बड़ा जलाशय है, वह इसी क्षेत्र के अंदर है। सबको जल देने वाला क्षेत्र, गरीबी के अंदर डूबा रहे, यह कैसे हो सकता है? मैंने एक वैज्ञानिक महोदय से पूछा कि अल्मोड़ा, टिहरी, पिथौरागढ़, चमोली में लोग सेब और संतरे की खेती क्यों छोड़ रहे हैं, क्यों इसके बगीचे नष्ट हो रहे हैं? तो उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है, दुनिया के अंदर climate change हो रहा है, इसलिए यह हो रहा है। अब climate change का मुकाबला करने के लिए किसान को सक्षम बनाने का काम कौन करेगा, ऐसी पौध कौन तैयार करेगा, जो climate change के अंदर भी उसी तरह की यील्ड दे सके? वहां के बगीचे नष्ट हो जाएं और वहां अनुसंधान के लिए कोई क्षेत्र उपलब्ध न हो, कोई काम उपलब्ध न हो, तो यह चलने वाला नहीं है। इतने वर्षों तक हम उन क्षेत्रों के लिए एक पोर्टेबल ट्रैक्टर तक नहीं बना सके, जिसको ढोकर एक व्यक्ति, अपनी पत्नी के साथ चलकर खेत में ले जा सके, हम ऐसा ट्रैक्टर तक नहीं बना पाए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Now, you try to conclude.

SHRI HARISH RAWAT: Sir, I will conclude within two or three minutes.

हमारे यहां बडुआ पैदा होता है उसकी पौष्टिकता का हम प्रचार नहीं कर पा रहे हैं, उसकी मार्केटिंग नहीं कर पा रहे हैं। सर, इस तरह की जो स्थितियां हैं, अभी उन्होंने कहा कि वहां का जो फल है, उसका लगभग तीस प्रतिशत हिस्सा नष्ट हो जाता है, उससे ज्यादा नष्ट हो जाता है। सर, जो elementary processing facilities हैं, वे भी उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने दो सुझाव यहां पर दिए हैं, मैं उन सुझावों के साथ अपने को सम्बद्ध करना चाहूंगा। उन्होंने एक सुझाव तो यह दिया कि सारे जो शीतल पेय हैं, उनमें एक निश्चित मात्रा में फलों के रस को सम्मिलित करने की अनिवार्यता होनी चाहिए और मैं उसके साथ दूसरा सुझाव यह भी जोड़ना चाहता हूं कि दस प्रतिशत alcoholic contents वाले drinks को भी राज्यों के आबकारी क्षेत्र से बाहर लाया जाना चाहिए ताकि जो सड़े हुए फल, आलू आदि दूसरी चीजें

हैं, उनसे ऐसे drinks मार्केट में सरलता से उपलब्ध कर सकें, जो इस्तेमाल करने वाले लोग हैं, वे इस्तेमाल करते हैं। आठ से दस परसेंट alcoholic contents के साथ कोई चीज नशीली नहीं हो जाती है। मान्यवर, आपने यदि ये दो कदम उठा दिए तो इससे किसान अपने को बहुत प्रोत्साहित महसूस करेगा।

मैं माननीय कृषि मंत्री जी से यह भी आग्रह करना चाहूंगा कि उत्तराखंड के अंदर temped foods का एक रिसर्च institute स्थापित किया जाना चाहिए, क्योंकि उस क्षेत्र के जो temped foods हैं, जिन conditions में वे पैदा होते हैं, जैसे सेब, नाशपाती, आदि हैं, वह हिमाचल प्रदेश से, जम्मू कश्मीर से कुछ भिन्न प्रकार की ऊंचाई पर पैदा होते हैं, चीन ने उसका solution निकाला है। उन्होंने अपनी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जल संग्रहण की योजना बना करके इतनी तरलता पैदा की है कि जो वहां सेब के उत्पादन के स्तर को बनाए रखती है। लेकिन हमारे यहां इसमें कुछ समय लगेगा, इसलिए हमको अपनी कुछ रिसर्च को ऐसा सुधारना पड़ेगा ताकि आने वाले दिनों में ऐसा न हो कि हमारे देश के अंदर अभी तो दूसरे ही सामान चीन से आ रहे हैं, आने वाले दिनों में फल आदि भी सब चीन का ही माल यहां की मार्केट में दिखाई देने लगेगा और हमारे किसान को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। मैं आपसे दूसरा आग्रह करना चाहूंगा कि हमारा जो Indigenous Cattle Breeding Programme है, जिसमें जेनेटिक परिवर्तन के जरिए उनकी नस्ल को सुधारा जाता है, उस प्रोग्राम को बहुत संजीदगी के साथ लागू करने की आवश्यकता है। उसमें ज्यादा से ज्यादा धन व्यय किया जाना चाहिए। जो धन अभी तक व्यय किया जा रहा है, वह उसके लिए काफी नहीं है। मैं कहना चाहूंगा कि उत्तराखंड की सरकार ने रानी-चौड़ा में एक नया कृषि विश्वविद्यालय, जो पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि संबंधी, वहां की तकनीक संबंधी अनुसंधान के काम को करेगा, उसके लिए अनुरोध किया है, इस विषय में केन्द्र सरकार राज्य सरकार की मदद करे। पर्वतीय क्षेत्रों में Cattle Breeding Farms की बहुत आवश्यकता है, क्योंकि पर्वतीय क्षेत्रों में हम बाहर से दुधारू पशु को ले जाकर खड़ा नहीं कर सकते हैं। जो हमारी उन्नत नस्ल की गायें हैं, Buffaloes आदि हैं, उनका वहां पर पालन करना बड़ा कठिन है। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि वहां पर जो फल हैं, जो पुष्प हैं, उनके लिए मार्केटिंग इन्टरवेंशन स्कीम को और ज्यादा fruitful बनाए जाने की जरूरत है। अभी तक आप मार्केटिंग इन्टरवेंशन स्कीम के अंतर्गत राज्यों को जो पैसा देते हैं, उसकी मात्रा और बढ़ाई जानी चाहिए। यदि सेन्ट्रल गवर्नमेंट पचास परसेंट से ज्यादा शेयर दे तो इन क्षेत्रों को बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन के लिए, बेमौसमी पुष्पों के उत्पादन के लिए और फलों के उत्पादन के लिए एक बड़े क्षेत्र के रूप में उपयोग किया जा सकता है।...(**व्यवधान**)...।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Please conclude.

SHRI HARISH RAWAT: Sir, I am concluding. सर, हम मानव जनसंख्या में तो दुनिया में नंबर वन हैं ही, और पशु संख्या में भी दुनिया में नंबर वन हैं। दुनिया के buffaloes का 60 प्रतिशत, टोटल cattle population का 20 प्रतिशत सबसे बड़े दुग्ध उत्पादक क्षेत्र, 61 मिलियन sheeps हमारे पास हैं। 124 मिलियन के बरीब goats हैं, 13 मिलियन pigs हैं, 8000 किलोमीटर की coastal line है और inland water के विषय में तो क्या कहा जाए, इसके बारे में तो यहां की नदियां शस्य श्यामला हैं, लेकिन उसके बाद भी पशु धन के विकास में जो हमारा ग्रोथ रेट है, जिस एग्रीकल्चरल ग्रोथ रेट को आप ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में चार प्रतिशत के स्तर पर लाना चाहते हैं, वह निर्भर करती है। माननीय मंत्री जी, मेरा आपसे आग्रह है कि इस क्षेत्र में आप और धन का प्रावधान कीजिए, ताकि उस प्रावधान के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोग पशुपालन के क्षेत्र में आगे आएं। हमारा जो पशु धन का स्तर है, वह सुधर सके और पशु धन के क्षेत्र में ...(**समय की घंटी**)... हमारी जो विकास की दर है, वह कम से कम दस प्रतिशत के स्तर को छू सके। ...(**समय की घंटी**)...

सर, आखिरी बिंदु जिस पर मैं जोर देना चाहता हूं, बहुत सारे हमारे दोस्तों ने यहां पर कहा कि किसान आत्महत्या कर रहे हैं। वास्तविकता यह है कि कृषि लगातार अलाभकारी हो रही है, उसके दूसरे कारणों पर हमारे विद्वान साथियों ने अपने सुझाव दिए हैं, लेकिन एक सामान्य बात जो मुझे समझ में आती है, जो इंडियन फैमिली सिस्टम है, यह भी बहुत हद तक इसके लिए जिम्मेदार है। जोतें लगातार छोटी हो रही हैं और जितनी छोटी जोत होगी, उतनी अलाभकारी होगी। छोटी जोतों को लाभकर करने का एक लक्ष्य हो सकता है और उस क्षेत्र में कृषि मंत्रालय काम कर रहा है, हमारे वैज्ञानिक काम कर रहे हैं, लेकिन हमको कानून बनाकर नहीं, हमें आज विचार करना चाहिए, राष्ट्रीय स्तर पर सारे राजनीतिक दलों को विचार करना चाहिए कि क्या ऐसा रास्ता निकाला जाए, जैसे कुछ देशों ने निकाला है, ताकि जोतों का और further fragmentation न हो और जोतें और ज्यादा छोटी न की जाएं? हमारे देश में परंपरा रही है, जो कृषि प्रधान एरिया है, यहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अंदर लोगों में पहले एक परंपरा थी, हमारे अपने क्षेत्र के अंदर, देहरादून

के आस-पास ऐसी परंपरा थी कि एक ही भाई नाम पर खेती चलती थी, ताकि खेतों में जोतों का fragmentation न हो।...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): You conclude now. Your time is over long back.

श्री हरीश रावत: आज वहां हालत यह हो रही है कि खेती इतने टुकड़ों में बंट गई है, इतनी अलाभकारी हो रही है कि लोगों को यदि कोई खरीददार मिल रहा है, तो लोग उसको real estate को बेचने के लिए उत्सुकता से आगे आ रहे हैं। उनको लग रहा है कि यही हमको बहुत बड़ा धन मिल गया। उससे कृषि योग्य भूमि लगातार सिकुड़ती जा रही है। वह सिकुड़े नहीं ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): You conclude now. Your time is over. Your party's time was over long back.

श्री हरीश रावत: उसके लिए आवश्यक है कि जोतों को छोटा होने से रोका जाए ओर खेती लाभकारी बनी रह सके। इन्हीं शब्दों के साथ मैं यह उम्मीद जाहिर करता हूं कि माननीय कृषि मंत्री जी के नेतृत्व में और माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश आने वाले समय में दूसरी हरित क्रांति के लक्ष्य को निश्चित तौर पर प्राप्त करेगा।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Shri N.R. Govindarajar. You have seven minutes.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ (Madhya Pradesh): Sir, it is BJP's turn now.

उपसभाध्यक्ष (श्री प्रशांत चटर्जी): उनको पहले ही बोलना था, लेकिन interpretation facility नहीं थी, इसलिए पहले नहीं बुलवाया। अभी आ गए हैं, now he will speak, then the B.J.P.

SHRI GOVINDARAJAR (Tamil Nadu): *Let me thank the chair for giving me an opportunity to speak on behalf of All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam in this august House. We are now discussing the performance of agriculture in general and performance of Union Agriculture Ministry in particular.

We all know that our country is an agricultural country with 70% of the people dependent on agriculture as their livelihood.

That is why Thiruvaluvar the Tamil sage poet emphasized that agriculture is the axis of all the industrial activity as every other industry depend on it and all people go after it in Ueneration.

Our country is one of the foremost countries in agriculture that is carried on in a systematic way down the centuries. But if you ask of me whether the Union Agriculture Ministry really helps our agriculture sector, my answer would be more than 90% of our agriculturists and agricultural labourers are being below poverty line. We can not say that they are a better lot as they grow food and other basic material through their labour in cultivation. As one hailing from an agriculturist's family I would like to draw the attention of this august House to the plight of the farmers. Farmers have got this set back because of the wrong policies of the Government. The green revolution of the sixty exposed us to Tamil chemical fertilizers and insecticides. Cultivable lands have lost there fertile nature due to the increased use of artificial manure. The original nature of our cultivable fields have changed because of the impact of the chemical fertilizers and insecticides that were introduced by the western world after the world wars. In the last four or five decades the use of chemical fertilizers and

*English version of the Tamil Speech.

insecticides have increased manifold. In 1960-61, about five thousand tonnes of fertilizers were used by the Indian farmers. To-day we find the use of such fertilizers have hugely increased to 13 lakhs tonnes. The danger of our soil losing its potential is looming large. We feel proud that our growth rate has crossed nine percent. But agricultural sector has witnessed a growth rate of a mere 2.58%. The rural population that can not make a living out of agriculture have started migrating to the urban areas. Migration of rural poor and agricultural labour to urban towns is on the increase. Already urban areas go through unemployment problem. The influx of rural poor to urban areas result in their miserable living conditions going worse giving rise to health and sanitation problems there.

Genetically modified and engineered hybrid seeds have also added to the woes of our farmers having given rise to the problem our country now faces in the agricultural sector. This will endanger us further and I would like to draw the attention of our Minister of Agriculture. Particularly imported GM cotton seeds are causing great havoc in the market. LRI cotton seeds are rated high for it is cheaper with higher yield. But due to globalisation and economic liberalization, MNCs especially big US companies have started supplying BT cotton at Rs. 3500/- making huge profit while making our farmers their captive consumers. This trend must be arrested.

According to a report from FAO of UN, about 221 million our people due to abject poverty face food scarcity in our country. In order to overcome the food scarcity there is a need to increase food production. But irrigation facilities have not been augmented. Concrete measures have not been evolved by this Government. Right from 1996-1997 to 2004-2005 during those 10 years not much was done to augment irrigation facilities. Annually only 0.5 percent of lands get water through irrigation. Mega projects have not been conceived at all to improve irrigation facilities. Instead the Union Agriculture Ministry point a finger at State Governments. There are many bottlenecks for the State Government. Hence the Union Government must take up irrigation like Railways and Posts & Telegraph under its direct responsibility.

It has been stated that more subsidies and grants would be extended to agriculture in the Eleventh Five Year Plan. It must be increased to protect the interests of our farming community.

It has been projected that there will be a sharp fall in food production in the next ten to twenty years. It would greatly affect our India. The fate of State Governments may even get worse. In order to help the farmers, Government must ensure that agriculturists get a good price for their produce. Now the cost of production is more than the selling price. This affects our farmers. Paddy and Sugarcane must get remunerative price. Essential goods like rice, wheat, maize, pulses, cooking oil cost more. Inflation is high. Food production must improve and cultivation must be encouraged. In India the cost of agricultural production is high. It is higher than even the market price of agricultural produce. Food subsidy is Rs. 31,000 crores. Fertilizer subsidy is Rs. 42,000 crores. But still there is a need to protect our farmers.

When our leader Dr. Puratchi Thalaivi Amma was the Chief Minister of Tamil Nadu she brought about a revolutionary move 'Farmers Protection Scheme' to help save the farmers and ensure prosperity in their lives. Similar move must be there now. Bio-fuel plantations get subsidy and grants and incentives. They must be provided also to those who cultivate and grow food grains. When there is shortage of food grains we must not encourage other

things like cash crops and bio-fuels. This would only result in inflation. This will also result in change of Government at the centre.

Lastly I would like to point out that all the agriculturists have to borrow and remain in debt. Almost all the farmers are in debt, they have not made money and do not remain rich. Our founder leader sang that those who drive their car in an arrogant fashion must realize that they can not afford to ignore farmers. If the agriculturists decide to leave aside their ploughshares, the world would come to a grinding halt. If farmers suffer it would weaken our economy.

When it comes to debt relief it must be extended to all the farmers. There must not be any segregation as small farmers and marginal farmers. The plight of all the farmers remain the same. This must be changed. Our leader Dr. Puratchi Thalaivi Amma has stated that all the agriculturists must get farm loan waivers and the benefit of debt relief measures. This will help all the farmers and the farm production. Inflation can be controlled by way of increasing food production. This will help our country's economy. Economic growth will lead to self sufficiency and prosperity. We can have allround growth with a steady industrial and agricultural growth. We can emerge as a super power then. Agriculturists must be encouraged in all possible ways with subsidies, grants, loans at reduced interest rates, lesser priced inputs, increased irrigation facilities and remunerative price for their produce without being discriminated as small and marginal farmers. Suitable measures in this regard must be evolved by the Union Agriculture Ministry. With this I conclude my speech. Thank you.

श्री जयप्रकाश नारायण सिंह (झारखंड): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं झारखंड प्रदेश से आया हूं, जो जंगल और खान से भरा हुआ है और जिस पर किसी का ध्यान नहीं है। वहां ज्यादातर लोग कृषि पर निर्भर हैं और ज्यादा लोग मजदूर ही हैं। मुझे यह कहना है, जैसा कि जो कहावत है-"अंधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी, टके सेर खाजा।" सर, आज जिस देश में दूध सस्ता हो और पानी महंगा हो, तो उस देश के किसानों की क्या स्थिति और हालत होगी। आज बोतल बंद पानी 12 रुपए लीटर मिलता है और देहातों में जो किसान दूध उत्पादन करता है, उसका भी दूध 12 रुपए लीटर बिकता है। आज देश आजाद हुए इतने दिन हो गए, मैं सरकार से यह मांग करूंगा या सदन से मांग करूंगा कि हम कहते हैं कि हम किसान के पुत्र हैं, देश में 70 प्रतिशत आबादी किसानों की है और इस देश में आज किसान बेहाल हैं। हम सरकार से मांग करेंगे कि पूरा एक सेशन किसानों की डिबेट के लिए हो, जिससे समूचे विश्व में यह मैसेज जाए कि भारत किसान की चिंता कर रहा है, पूरा देश और सांसद किसानों की चिंता के लिए पूरा सेशन इस पर बैठा हुआ है। कुछ घंटों में, कुछ मिनटों में किसान की समस्याओं पर चर्चा करके हम इसका समाधान नहीं निकाल सकते। हम लोग नारे लगातें थे कि-"किसान जगेगा तो देश जगेगा, किसान समृद्ध होगा तो भारत समृद्ध होगा।" लेकिन हम 70 प्रतिशत आबादी को समृद्ध करने की बात करते हैं लेकिन नीतियों पर अमल नहीं होता। हम किसान के खेत तक कैसे पहुंचे, हम उनको सिंचाई की सुविधा कैसे उपलब्ध करवायें? अगर किसान का बेटा पढ़ने में तेज है, तो उसके पास इतना धन नहीं है कि वह अपने बेटे को पढ़ा सके। किसान को 9 परसेंट की ब्याज पर लोन मिलता है, जबकि खादी ग्रामोद्योग बोर्ड लोगों को लघु उद्योग लगाने के लिए 4 परसेंट की ब्याज पर लोन देता है। हम मांग करते हैं कि किसान को भी 4 परसेंट इंटरेस्ट पर लोन मिले, ताकि वह पूंजी का इन्वेस्ट कृषि कार्य के लिए कर सके।

मान्यवर, हमारे यहां किसान उत्पादन करते हैं, फसल उगाते हैं, उनके लिए मंडी की व्यवस्था नहीं है। व्यापारियों के हाथ में मंडी है। पंजाब और हरियाणा पूरे भारतवर्ष को डोमिनेट करते हैं। किसानों के लिए मंडी की व्यवस्था होनी चाहिए। झारखंड जैसी छोटी स्टेट में भी मंडी की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे कि किसान अपनी उपज को ले जाकर मंडी में बेच सकें। सरकार की ओर से यह भी व्यवस्था होनी चाहिए कि वह किसान की उपज का 80 परसेंट मूल्य चुकाये और 20 परसेंट मूल्य पर मार्गेज़ रखे, ताकि किसान मजबूरी में सस्ते दाम पर अपने अनाज को नहीं बेच सके, इस प्रकार की व्यवस्था देश में होनी चाहिए।

अभी धान खरीदने की बात थी। सरकारी मूल्य पर धान क्रय करेंगे, हमारे देवधर जिले में, झारखंड में केवल एक क्रय केन्द्र था। जब किसान उस क्रय केन्द्र पर अपना अनाज बेचने के लिए आते थे, तो वहां पर इतनी लम्बी लाइन लगी

रहती थी जिसके कारण किसान को अपना धान व्यापारी को बेचकर जाना पड़ता था। क्रय केन्द्र सुविधाजनक होनी चाहिए। हर प्रखंड में एक क्रय केन्द्र होना चाहिए ताकि किसान वहां पर अपना धान बेचकर, अपनी उपज बेचकर जाये। किसान के लिए मंडी की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे कि किसान मजबूर होकर धान को व्यापारी के हाथ में न बेचे। वह उसको मंडी में बेचे और उसका अच्छा मूल्य लेकर, 20 परसेंट में अपने सामान को गिरवी रखकर जाये। इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए।

मान्यवर, हम अपने कृषि मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहेंगे कि साइंस के युग में बड़ी-बड़ी मशीनों का अविष्कार हुआ है। आज एक ट्रैक्टर का दाम साढ़े चार लाख रुपया पड़ता है। किसान एक ट्रैक्टर को साढ़े चार लाख रुपये में तथा एसेसरीज को सूद पर लेता है और उसके मूलधन को भी बैंक को वापस नहीं कर पाता है। इसमें उसकी जमीन बिक जाती है, इससे उपज प्रभावित होती है। मैं कृषि मंत्री जी से आग्रह करूंगा, क्योंकि वह भी किसान के पुत्र हैं, किसानों के लिए छोटा ट्रैक्टर बनाया जाये, जो कि एक लाख रुपये में किसान को मिले और सरकार उस पर सबसिडी दे, ताकि किसान सड़क पर अपना ट्रैक्टर नहीं उतार कर, अपनी उपज से खेत को जोतकर ही ट्रैक्टर का मूल्य चुकता कर दे।

उपसभाध्यक्ष जी, लोन माफी की बात है। सरकार ने किसानों का 60 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है, यह सरकार कहती है। लेकिन आपने उनका लोन माफ कर दिया, मैं जानना चाहता हूं कि आपकी आगे की क्या प्लानिंग है? आपने किसान का लोन तो माफ कर दिया, फिर उसे लोन लेना ही पड़ेगा। इसलिए हमें किसानों के लिए दूरगामी स्कीम बनानी चाहिए, ताकि किसान लोन-मुक्ति के बाद अपना सुखी जीवन बिता सके और अपने को कृषि कार्य में समर्पित कर सके, जिससे कि उसे पुनः लोन नहीं लेना पड़े।

मान्यवर, झारखंड प्रदेश में सिंचाई के लिए बोरिंग नहीं होती है। वहां पर सिंचाई का एकमात्र साधन तालाब होता है, कुआं होता है। उन तालाबों में 60 परसेंट प्राइवेट लोगों के तालाब हैं और 40 परसेंट सरकारी तालाब हैं। सरकारी तालाब भी सिंचाई का काम करते हैं और प्राइवेट तालाब भी सिंचाई का काम करते हैं, लेकिन सरकार बार-बार 40 परसेंट तालाबों पर ही पैसा खर्च करती है। जो 60 परसेंट तालाब किसानों के पूर्वजों ने बनाए थे, आज किसान में उन तालाबों को बनाने की हिम्मत नहीं है, उन तालाबों से सभी किसान सिंचाई करते हैं। इसलिए उन तालों की मरम्मत होनी चाहिए, ताकि ठीक से किसानों की सिंचाई हो और अच्छी फसल पैदा हो, ऐसी हमारी नीति होनी चाहिए। एक ही तालाब में बार-बार मिट्टी कटाई का काम होते रहने से पानी का क्षेत्रफल कम हो जाता है। हम तो सरकार से मांग करते हैं कि झारखंड छोटा राज्य है और नया राज्य बना है, इसलिए इसका एक स्पेशल जोन बनाया जाए। लोगों को कृषि की सुविधाएं दी जाएं और झारखंड को कृषि सुविधाओं के लिए एक स्पेशल पैकेज दिया जाए। जब भी कोई सरकार आती है, किसान को हर तरफ से आफत होती है। सबकी नजर उसकी जमीन पर जाती है और जमीन की सीलिंग होते-होते, उसके छोटे-छोटे टुकड़े हो रहे हैं। आज फैक्ट्रियों की सीलिंग नहीं होती है। जमीन की सीलिंग तो हो जाती है, लेकिन धन की सीलिंग नहीं होती है। आज सीलिंग करके जमीन के टुकड़े-टुकड़े कर देंगे, तो खेती कैसे होगी? वैसे ही घर में परिवार बढ़ने से जमीन के टुकड़े हो जाते हैं तथा सरकार किसानों की जमीन की सीलिंग करके और कम कर देती है। यदि हमें उन्नत खेती करनी है, तो जमीन की चकबंदी करनी होगी। अगर आप जमीन की सीलिंग करके, उसको छोटा करते हैं, तो सरकार को धन सम्पदा की सीलिंग भी करनी चाहिए।

मान्यवर, मैं किसानों के हितों की रक्षा के लिए, सरकार से यह मांग करूंगा कि किसानों को संरक्षण दे। जब बुवाई का सीजन आता है, तब खाद ब्लैक में मिलती है। खाद की शोर्टेज हो जाती है, तो लोगों को ब्लैक में खरीदना पड़ता है। एक तरफ तो अमेरिका हमसे कहता है कि सब्सिडी कम करो और दूसरी तरफ अपने यहां सबसे ज्यादा सब्सिडी देता है। मेरी सरकार से यह मांग है, यदि देश को समृद्ध बनाना है, किसान को उन्नत बनाना है, तो आपने जो दर पर क्विंटल फिक्स किया है, उस दाम पर जो आप खरीदेंगे, उतनी ही सब्सिडी उसको एक्सट्रा दीजिए। भूमि आपने एक क्विंटल गेहूं के दाम एक हजार रुपए फिक्स किए हैं, यदि किसान एक क्विंटल गेहूं बेचता है, तो एक हजार तो उसके दाम हुए और उसके साथ ही उसको एक हजार की सुब्सिडी भी दीजिए। यदि उसको दो हजार रुपए का भुगतान कीजिए। फिर आपको खाद्यान्न के मामले में किसी देश का मुंह नहीं देखना पड़ेगा और देश खाद्यान्नों में पूर्ण आत्म निर्भर हो जायेगा। हम आप से यही आग्रह करेंगे कि किसान की डिबेट पर एक पूरा सेशन हो। इसको समूचा देश ही नहीं अपितु समूचा विश्व देखे कि भारत किसानों के लिए चिंतित है। मैं यही कहकर अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री तारिक अनवर (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, हम यहां बहुत देर से कृषि के विषय पर चर्चा कर रहे हैं और यह बात सही है कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। सभी लोग इस बात को स्वीकार करते हैं कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और आज भी इस आधुनिक युग में हमारे देश की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर ही निर्भर करती है। जब तक हमारे देश का किसान खुशहाल नहीं होगा, तब तक जो हमारा लक्ष्य है और हम आत्म-निर्भर, आर्थिक रूप से सबल भारत का जो एक सपना देख रहे हैं, वह सपना उस वक्त तक साकार नहीं हो सकता....।

